This Booklet contains **48** printed pages.
इस पुस्तिका में **48** मुद्रित पृष्ठ हैं।

# CEF–26–I

## PAPER—I/प्रश्न-पत्र—I

## MAIN TEST BOOKLET/मुख्य परीक्षा पुस्तिका

Main Test Booklet No.
मुख्य परीक्षा पुस्तिका संख्या

Main Test Booklet Code/
मुख्य परीक्षा पुस्तिका कोड

**S**

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।**

**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।**

### INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **Blue/Black Ballpoint Pen** only.
2. The test is of **2½ hours** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Blue/Black Ballpoint Pen** only for writing particulars on this page/marking responses in the Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **S**. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet is the same as that on this Booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **Five** Parts—I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective-type Questions and each carries 1 mark :

| | | |
|---|---|---|
| Part–I | : Child Development and Pedagogy | (Q. Nos. 1–30) |
| Part–II | : Mathematics | (Q. Nos. 31–60) |
| Part–III | : Environmental Studies | (Q. Nos. 61–90) |
| Part–IV | : Language–I (English/Hindi) | (Q. Nos. 91–120) |
| Part–V | : Language–II (English/Hindi) | (Q. Nos. 121–150) |

6. Part–IV contains 30 questions for Language–I and Part–V contains 30 questions for Language–II. In this Test Booklet, only questions pertaining to English and Hindi Language have been given. **In case the language(s) you have opted for as Language–I and/or Language–II is a language other than English or Hindi, please ask for a Supplement (Language) Test Booklet of S Code that contains questions on that language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form. No change in languages is allowed.**
7. **Candidates are required to attempt questions in Language–II (Part–V) in a language other than the one chosen as Language–I (Part–IV) from the list of languages.**
8. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
9. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.
10. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions of questions/answers, English version will be taken as final.

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. OMR उत्तर-पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तब उत्तर-पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल **नीले/काले बॉलपॉइंट पेन** से विवरण भरें।
2. परीक्षा की अवधि **2½ घण्टे** है एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं। कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर-पत्र पर निशान लगाने के लिए केवल **नीले/काले बॉलपॉइंट पेन** का प्रयोग करें।
4. इस पुस्तिका का **कोड S** है। यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का कोड, उत्तर-पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे कोड से मिलता है। यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और उत्तर-पत्र संख्या मिलते हैं। अगर यह भिन्न हो, तो परीक्षार्थी दूसरी परीक्षा पुस्तिका और उत्तर-पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग—I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं तथा प्रत्येक 1 अंक का है :

| | | |
|---|---|---|
| भाग–I | : बाल विकास व शिक्षाशास्त्र | (प्रश्न सं० 1–30) |
| भाग–II | : गणित | (प्रश्न सं० 31–60) |
| भाग–III | : पर्यावरण अध्ययन | (प्रश्न सं० 61–90) |
| भाग–IV | : भाषा–I (अंग्रेजी/हिंदी) | (प्रश्न सं० 91–120) |
| भाग–V | : भाषा–II (अंग्रेजी/हिंदी) | (प्रश्न सं० 121–150) |

6. भाग–IV में भाषा–I के लिए 30 प्रश्न और भाग–V में भाषा–II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं। इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेजी व हिंदी भाषा से संबंधित प्रश्न दिए गए हैं। **यदि भाषा–I और/या भाषा–II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेजी या हिंदी के अलावा है/हैं, तो कृपया S कोड वाली उस भाषा वाली परिशिष्ट (भाषा) परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए। जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन-पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिए। भाषाओं का परिवर्तन अनुमान्य नहीं है।**
7. **परीक्षार्थी भाषा–II (भाग–V) के लिए भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा–I (भाग–IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो।**
8. रफ़ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर ही करें।
9. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर-पत्र पर ही अंकित करें। अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें। उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है।
10. यदि अंग्रेजी और हिन्दी संस्करण के प्रश्नों/उत्तरों में कोई विसंगति हो तो अंग्रेजी संस्करण अंतिम माना जाएगा।

Name of the Candidate (in Capital Letters) : ____________________
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :

Roll Number (अनुक्रमांक) : in figures (अंकों में) ____________________
: in words (शब्दों में) ____________________

Centre of Examination (in Capital Letters) : ____________________
परीक्षा-केन्द्र (बड़े अक्षरों में) :

Candidate's Signature : ____________________ Invigilator's Signature : ____________________
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : निरीक्षक के हस्ताक्षर :

Facsimile Signature Stamp of Centre Superintendent ____________________

## PART—I / भाग—I

### CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षाशास्त्र

***Direction :*** Answer the following questions (Q. Nos. **1** to **30**) by selecting the **correct/most appropriate** options.
***निर्देश*** : निम्नलिखित प्रश्नों (प्रश्न सं० **1** से **30**) के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे उपयुक्त** विकल्प चुनिए।

**1.** Read the following statements :

Assertion (A) : Some children have characteristics that resemble their parents while others are markedly different from their parents.

Reason (R) : Working out how much of any characteristic is due to nature or genes and how much is due to nurture or environment is a complex issue.

Choose the correct option.

(1) Both A and R are true and R is the correct explanation of A.
(2) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A.
(3) A is true but R is false.
(4) Both A and R are false.

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

अभिकथन (A) : कुछ बच्चों में ऐसी विशेषताएँ होती हैं जो उनके माता-पिता से मिलती हैं, जबकि अन्य अपने माता-पिता से स्पष्ट रूप से भिन्न होती हैं।

कारण (R) : यह पता लगाना कि कोई विशेषता वंशानुक्रम या आनुवंशिकता के कारण कितनी है और पोषण या पर्यावरण के कारण कितनी एक जटिल मुद्दा है।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A और R दोनों सही हैं तथा A की R सही व्याख्या करता है।
(2) A और R दोनों सही हैं लेकिन A की R सही व्याख्या नहीं करता है।
(3) A सही है लेकिन R गलत है।
(4) A और R दोनों गलत हैं।

**2.** Which of the following statements about development is correct?

(1) Development in children can be predicted very accurately.
(2) Development is a simple and unitary process.
(3) Development can always be measured precisely.
(4) Development is multidimensional and multidirectional.

विकास के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(1) बच्चों में विकास का बहुत सटीक अनुमान लगाया जा सकता है।
(2) विकास एक सरल और एकात्मक प्रक्रिया है।
(3) विकास को हमेशा सटीक तौर पर मापा जा सकता है।
(4) विकास बहु-आयामी और बहु-दिशात्मक होता है।

**3.** Read the following statements :

Assertion (A) : The ability to comprehend and speak depends on the physical development of the mouth and brain.

Reason (R) : Emotional development is related to physical growth.

Choose the correct option.

(1) Both A and R are true and R is the correct explanation of A.

(2) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A.

(3) A is true but R is false.

(4) Both A and R are false.

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

अभिकथन (A) : समझने व बोलने की क्षमता मुँह और मस्तिष्क के शारीरिक विकास पर निर्भर करती है।

कारण (R) : संवेगात्मक विकास, शारीरिक विकास से संबंधित है।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A और R दोनों सही हैं तथा A की R सही व्याख्या करता है।

(2) A और R दोनों सही हैं लेकिन A की R सही व्याख्या नहीं करता है।

(3) A सही है लेकिन R गलत है।

(4) A और R दोनों गलत हैं।

**4.** Most children can speak five-six coherent sentences at

(1) one year (2) three years

(3) five years (4) seven years

अधिकांश बच्चे पाँच-छः सुसंगत वाक्य कब बोल सकते हैं?

(1) एक साल में (2) तीन साल में

(3) पाँच साल में (4) सात साल में

**5.** As per Lev Vygotsky, as children grow, their language develops from _____.

(1) inner speech to external speech (2) private speech to egocentric speech

(3) silent speech to thinking aloud (4) think out loud to inner speech

लेव वायगोत्स्की के अनुसार, जैसे-जैसे बच्चे बढ़ते हैं, उनकी भाषा _____ की ओर विकसित होती है।

(1) आंतरिक वाक् से बाहरी वाक् (2) निजी वाक् से आत्मकेन्द्रित वाक्

(3) मूक वाक् से मौखिकीकरण (4) मौखिकीकरण से आंतरिक वाक्

**6.** Piaget described cognitive development as occurring

(1) in four qualitatively different stages

(2) at three progressive levels

(3) as resolution of conflict at eight stages

(4) in a continuous manner from birth through adulthood

पियाजे ने संज्ञानात्मक विकास को किस तरह घटित होने वाला बताया है?

(1) चार गुणात्मक रूप से विभिन्न अवस्थाओं में

(2) तीन प्रगतिशील स्तरों पर

(3) आठ अवस्थाओं में संघर्ष के संकल्प के रूप में

(4) जन्म से लेकर वयस्कता तक निरंतर तरीके से

**7.** Rama was mean to her brother Tahir. Next day Tahir got sick. Rama concluded that she made her brother sick.

According to Piaget, which stage of cognitive development is Rama in?

(1) Sensorimotor stage
(2) Preoperational stage
(3) Concrete operational stage
(4) Formal operational stage

रमा ने अपने भाई ताहिर के साथ मतलबी तरीके से व्यवहार किया। अगले दिन ताहिर बीमार हो गया। रमा ने निष्कर्ष निकाला कि उसने अपने भाई को बीमार कर दिया।

पियाजे के अनुसार, रमा संज्ञानात्मक विकास के किस चरण में है?

(1) संवेदी-चालक अवस्था
(2) पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था
(3) मूर्त संक्रियात्मक अवस्था
(4) औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था

**8.** _____ is the process by which children become aware of their gender roles.

(1) Gender typing
(2) Gender equality
(3) Gender relatedness
(4) Gender homogeneity

_____ वह प्रक्रिया है, जिसके द्वारा बच्चे अपनी जेंडर भूमिकाओं के बारे में जागरूक हो जाते हैं।

(1) जेंडर वर्गीकरण (टाइपिंग)
(2) जेंडर समानता
(3) जेंडर संबंधता
(4) जेंडर समरूपता

**9.** Which of the following scenarios is aptly describing the application of Lev Vygotsky's concept of 'scaffolding'?

(1) A teacher gave half-solved problems to her students who were finding it difficult to solve them otherwise.
(2) A teacher has strictly prohibited students to have any kind of collaborations and communication with their peers.
(3) A teacher has written answers on the blackboard and has asked the students to copy the answers passively in their notebooks.
(4) A teacher has made it mandatory for her students to solve problems on their own in a set time period.

निम्नलिखित में से कौन-सा परिदृश्य लेव वायगोत्स्की के 'आलंबन' की अवधारणा के अनुप्रयोग का उपयुक्त वर्णन कर रहा है?

(1) एक शिक्षिका ने अपने विद्यार्थियों को आधी हल की हुई समस्याएँ दीं, जिन्हें अन्यथा हल करने में कठिनाई हो रही थी।
(2) एक शिक्षिका ने विद्यार्थियों को आपस में किसी प्रकार के सहयोग और संवाद करने से सख्त रूप से पाबंदी लगाई हुई है।
(3) एक शिक्षिका ने श्यामपट्ट पर उत्तर लिख दिए हैं और विद्यार्थियों से कहा है कि वे ये उत्तर अपनी कॉपियों में निष्क्रिय रूप से उतार लें।
(4) एक शिक्षिका ने अपने विद्यार्थियों के लिए यह अनिवार्य कर दिया है कि वे निर्धारित समयावधि में स्वयं ही समस्याओं का समाधान करें।

**10.** Progressive education is an educational philosophy that emphasizes on _____.

(1) student-centred learning and active participation

(2) rote memorization and teacher-centred instruction

(3) standardized testing and strict curriculum guidelines

(4) competition and individual achievement

प्रगतिशील शिक्षा एक शैक्षिक दर्शन है, जो _____ पर जोर देता है।

(1) छात्र-केन्द्रित शिक्षा और सक्रिय भागीदारी

(2) रटकर याद करना और शिक्षक-केन्द्रित निर्देश

(3) मानकीकृत परीक्षण और सख्त पाठ्यचर्या दिशानिर्देश

(4) प्रतियोगिता और व्यक्तिगत उपलब्धि

**11.** Read the following statements :

Assertion (A) : Children progress from understanding consequences of act to determine whether they are good/bad to understanding that rules and laws are flexible and can be changed.

Reason (R) : According to Kohlberg, children's moral development occurs in continuous manner and not a discontinuous one.

Choose the correct option.

(1) Both A and R are true and R is the correct explanation of A.

(2) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A.

(3) A is true but R is false.

(4) Both A and R are false.

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

अभिकथन (A) : बच्चे किसी कार्य के परिणाम से यह निर्धारित करने कि क्या वे अच्छे/बुरे हैं यह समझने की ओर प्रगति करते हैं कि नियम और कानून नम्य हैं और बदले जा सकते हैं।

कारण (R) : कोहलबर्ग के अनुसार, बच्चों का नैतिक विकास निरंतर होता है न कि असतत।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A और R दोनों सही हैं तथा A की R सही व्याख्या करता है।

(2) A और R दोनों सही हैं लेकिन A की R सही व्याख्या नहीं करता है।

(3) A सही है लेकिन R गलत है।

(4) A और R दोनों गलत हैं।

**12.** According to Lev Vygotsky, cognitive development is guided by

(1) language in the form of private speech

(2) processes of attention and perception

(3) assimilation and accommodation that change 'schemes'

(4) positive and negative reinforcement given by the environment

लेव वायगोत्स्की के अनुसार, संज्ञानात्मक विकास किसके द्वारा निर्देशित होता है?

(1) निजी वाक् के रूप में भाषा द्वारा

(2) अवधान और ध्यान-केन्द्रित करने की प्रक्रियाओं द्वारा

(3) समायोजन और समावेशन के द्वारा जो 'स्कीमा' को बदलते हैं

(4) पर्यावरण द्वारा दिए गए सकारात्मक और नकारात्मक पुनर्बलन द्वारा

**13.** Which of the following intelligence helps people to perceive, express, understand and regulate moods and feelings of others?

(1) Interpersonal (2) Logical-mathematical

(3) Musical (4) Naturalist

निम्नलिखित में से कौन-सी बुद्धि लोगों को दूसरों के मनोभाव और भावनाओं को देखने, व्यक्त करने, समझने और नियंत्रित करने में मदद करती है?

(1) अंतर्वैयक्तिक (2) तार्किक-गणितीय

(3) संगीतमय (4) प्रकृतिवादी

**14.** A child's first experience as well as expectations of what it means to be a 'girl' or a 'boy' comes from

(1) media (2) relatives

(3) neighbourhood (4) family

एक बच्चे का पहला अनुभव और साथ ही 'लड़की' या 'लड़का' होने का मतलब क्या है, की अपेक्षाएँ किससे आती हैं?

(1) मीडिया (2) रिश्तेदार

(3) पड़ोस (4) परिवार

**15.** An essential characteristic of formative assessment is—

(1) to assign relative ranks and positions to learners.

(2) tests and exams at the end of the year.

(3) clarification of assessment criteria to the learners.

(4) to focus on quantitative means to achieve objectivity.

रचनात्मक मूल्यांकन की एक आवश्यक विशेषता है—

(1) शिक्षार्थियों को सापेक्ष पद और श्रेणियाँ प्रदान करना।

(2) वर्ष के अंत में परीक्षण और परीक्षा।

(3) शिक्षार्थियों के लिए मूल्यांकन मानदंड का स्पष्टीकरण।

(4) वस्तुनिष्ठता प्राप्त करने के लिए मात्रात्मक साधनों पर ध्यान देना।

**16.** Dysgraphia is a

(1) neurodevelopmental disorder (2) personality disorder

(3) physical disability (4) learning disability

लेखन वैकल्य है, एक

(1) तंत्रिकीय विकार (2) व्यक्तित्व विकार

(3) शारीरिक अपंगता (4) अधिगमात्मक अक्षमता

**17.** A teacher should cater to _____ needs of gifted children in the classrooms.

(1) cognitive (2) cognitive and emotional

(3) cognitive and social (4) cognitive, social and emotional

एक शिक्षक को कक्षाओं में प्रतिभाशाली बच्चों की _____ जरूरतों को ध्यान में रखना चाहिए।

(1) संज्ञानात्मक (2) संज्ञानात्मक और भावनात्मक

(3) संज्ञानात्मक और सामाजिक (4) संज्ञानात्मक, सामाजिक और भावनात्मक

**18.** Which of the following are examples of pedagogical approaches to teach students with learning disabilities?

(i) Use of multisensory strategies

(ii) Standardized learning goals

(iii) Flexible and sequential instructions

(iv) Breaking down tasks into smaller parts

Choose the correct option.

(1) (i) and (ii)
(2) (iii) and (iv)
(3) (i), (iii) and (iv)
(4) (i), (ii), (iii) and (iv)

सीखने की अक्षमता वाले छात्रों को पढ़ाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-से शैक्षणिक दृष्टिकोण के उदाहरण हैं?

(i) बहुसंवेदी रणनीतियों का उपयोग

(ii) सीखने के मानकीकृत लक्ष्य

(iii) लचीला और आनुक्रमिक निर्देश

(iv) कार्यों को छोटे-छोटे भागों में बाँटना

सही विकल्प चुनिए।

(1) (i) और (ii)
(2) (iii) और (iv)
(3) (i), (iii) और (iv)
(4) (i), (ii), (iii) और (iv)

**19.** Which of the following statements about Autism Spectrum Disorder is correct?

(1) Children with Autism Spectrum Disorder have excellent communication skills but very poor memory.
(2) Sensory integration and regulation help children with Autism Spectrum Disorder.
(3) It is primarily the ability to hear that is affected in Autism Spectrum Disorder.
(4) Children with Autism Spectrum Disorder exhibit a preference for new stimuli every day.

स्वलीन क्रम विकार के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(1) स्वलीन क्रम विकार से जूझ रहे बच्चों में उत्कृष्ट संचार कौशल होता है लेकिन याददाश्त बहुत कमजोर होती है।
(2) संवेदी एकीकरण और विनियमन स्वलीन क्रम विकार से जूझ रहे बच्चों की मदद करते हैं।
(3) स्वलीन क्रम विकार में मुख्य रूप से सुनने की क्षमता प्रभावित होती है।
(4) स्वलीन क्रम विकार से जूझ रहे बच्चे हर दिन नई उत्तेजनाओं के लिए प्राथमिकता प्रदर्शित करते हैं।

**20.** While teaching in inclusive setups, it is important that teachers—

(1) see diversity as an obstacle to effective teaching.
(2) continuously examine their own implicit and preconceived bias.
(3) understand special children as needy and dependent on others.
(4) follow same curriculum and uniform pedagogy of all learners.

समावेशी व्यवस्था में पढ़ाते समय यह महत्त्वपूर्ण है कि शिक्षक—

(1) विविधता को प्रभावी शिक्षण में बाधा के रूप में देखें।
(2) अपने स्वयं के अंतर्निहित और पूर्वकल्पित पूर्वाग्रहों की लगातार जाँच करें।
(3) विशेष बच्चों को जरूरतमंद और दूसरों पर निर्भर समझें।
(4) सभी शिक्षार्थियों के लिए समान पाठ्यक्रम और समान शिक्षाशास्त्र का पालन करें।

**21.** Read the following statements :

Assertion (A) : Teachers should include a variety of children's literature to create print-rich environment in the classroom.

Reason (R) : Classrooms rich in literacy materials and literacy experiences are central to effective learning.

Choose the correct option.

(1) Both A and R are true and R is the correct explanation of A.

(2) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A.

(3) A is true but R is false.

(4) Both A and R are false.

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

अभिकथन (A) : शिक्षकों को कक्षा में मुद्रण-समृद्ध वातावरण बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के बाल साहित्य शामिल करना चाहिए।

कारण (R) : साक्षरता सामग्री और साक्षरता अनुभवों से समृद्ध कक्षा प्रभावी शिक्षण के केन्द्र हैं।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A और R दोनों सही हैं तथा A की R सही व्याख्या करता है।

(2) A और R दोनों सही हैं लेकिन A की R सही व्याख्या नहीं करता है।

(3) A सही है लेकिन R गलत है।

(4) A और R दोनों गलत हैं।

**22.** In order to facilitate students' learning in a progressive classroom, a teacher should emphasize on the practice of

(1) behaviour conditioning
(2) passive replication
(3) reflective thinking
(4) obedient listening

एक प्रगतिशील कक्षाकक्ष में विद्यार्थियों के अधिगम को सुगम बनाने के लिए एक शिक्षक को निम्नलिखित में से किस प्रक्रिया पर बल देना चाहिए?

(1) व्यवहार अनुकूलन
(2) निष्क्रिय रूप से प्रतिकृति
(3) चिंतनशील सोच
(4) आज्ञाकारी श्रवण

**23.** Seeing Raman, a 4th grade student stuck on a question, his teacher asked him to try the solution while speaking what is going on in his mind. Such verbalization is likely to be—

(1) futile because language hinders thought process.

(2) helpful because language facilitates thought process.

(3) supportive only for students with learning disabilities because they have difficulty in auditory processing.

(4) unproductive because language and thought are not related.

रमन, जो कि कक्षा 4 का एक विद्यार्थी है, एक प्रश्न को हल नहीं कर पा रहा है। यह देखकर रमन का शिक्षक उससे कहता है कि उसके मन में क्या चल रहा है, वह उसे बोलकर इस प्रश्न को हल करने की कोशिश करे। इस तरह का मौखिकीकरण—

(1) व्यर्थ है क्योंकि भाषा सोचने की प्रक्रिया में बाधा डालती है।

(2) सहायक है क्योंकि भाषा सोचने की प्रक्रिया को सुगम बनाती है।

(3) केवल अधिगम अक्षमता वाले विद्यार्थियों के लिए सहायक है क्योंकि उन्हें श्रवण प्रसंस्करण में कठिनाई होती है।

(4) अनुत्पादक है क्योंकि भाषा और सोच आपस में संबंधित नहीं होती हैं।

**24.** A teacher who believes in constructivist pedagogy would—

(1) avoid connecting content to real world.

(2) avoid judgements of students solely on the basis of socio-cultural backgrounds.

(3) promote high levels of verbal instructions as primary pedagogy.

(4) promote 'ability grouping' of students.

एक शिक्षक, जो रचनावादी शिक्षाशास्त्र में विश्वास करता है, के लिए आवश्यक है कि वह—

(1) विषय-वस्तु को वास्तविक दुनिया से जोड़ने से बचे।

(2) केवल सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के आधार पर छात्रों के निर्णय लेने से बचे।

(3) उच्च स्तर के मौखिक निर्देशों को प्राथमिक शिक्षाशास्त्र के रूप में बढ़ावा दे।

(4) छात्रों के 'योग्यता समूह' को बढ़ावा दे।

**25.** Active engagement of learners implies that the students—

(1) inquire, explore and question.

(2) rote memorize facts and information.

(3) actively value marks and competition.

(4) consider textbook as the sole source of knowledge.

शिक्षार्थियों की सक्रिय संलग्नता का तात्पर्य है कि छात्र—

(1) पूछताछ, अन्वेषण और प्रश्न करें।

(2) तथ्यों और सूचनाओं को रटें।

(3) सक्रिय रूप से अंक और प्रतियोगिता को प्राथमिकता दें।

(4) पाठ्यपुस्तक को ज्ञान का एकमात्र स्रोत मानें।

**26.** Radha reasons, "Clothes dry faster in the sun than in the shade, so the sun is helping them to dry". She is showing an understanding of—

(1) cause and effect. (2) reversible thinking.

(3) decentration. (4) animism.

राधा तर्क देती है,''कपड़े छाया की तुलना में धूप में जल्दी सूखते हैं, इसलिए धूप उन्हें सुखाने में मदद कर रही है''। वह क्या समझ दिखा रही है?

(1) कारण और प्रभाव (2) प्रतिवर्ती सोच

(3) विकेन्द्रीकरण (4) जीववाद

**27.** Which of the following is an example of intrinsic motivation?

(1) Studying for a test to get good grade

(2) Playing a game for the prize money

(3) Playing a sport for personal enjoyment

(4) Completing the homework to avoid being scolded by parents

निम्नलिखित में से कौन-सा आन्तरिक अभिप्रेरणा का उदाहरण है?

(1) अच्छा ग्रेड पाने के लिए परीक्षा हेतु अध्ययन करना

(2) पुरस्कार राशि के लिए खेल खेलना

(3) व्यक्तिगत आनन्द के लिए कोई खेल खेलना

(4) माता-पिता की डाँट से बचने के लिए गृहकार्य पूरा करना

**28.** Read the following statements :

Assertion (A) : Teachers who believe in constructivist pedagogy should provide a lot of materials to the children.

Reason (R) : Young children depend solely on verbal instructions and lectures for meaningful learning.

Choose the correct option.

(1) Both A and R are true and R is the correct explanation of A.

(2) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A.

(3) A is true but R is false.

(4) Both A and R are false.

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

अभिकथन (A) : रचनावादी शिक्षाशास्त्र में विश्वास रखने वाले शिक्षकों को बच्चों को ढेर सारी सामग्री उपलब्ध करानी चाहिए।

कारण (R) : छोटे बच्चे अर्थपूर्ण सीखने के लिए केवल मौखिक निर्देश व व्याख्यान पर निर्भर होते हैं।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A और R दोनों सही हैं तथा A की R सही व्याख्या करता है।

(2) A और R दोनों सही हैं लेकिन A की R सही व्याख्या नहीं करता है।

(3) A सही है लेकिन R गलत है।

(4) A और R दोनों गलत हैं।

**29.** Avoiding the appearance of low ability in front of peers and teachers is an example of

(1) mastery goals
(2) performance approach goals
(3) task-involved goals
(4) performance avoidance goals

साथियों और शिक्षकों के सामने कम योग्यता की उपस्थिति से बचना एक उदाहरण है

(1) महारत हासिल करने का
(2) प्रदर्शन दृष्टिकोण लक्ष्य का
(3) कार्य में शामिल लक्ष्य का
(4) प्रदर्शन परिहार के लक्ष्य का

**30.** Which of the following is an effective way to promote critical thinking in the classroom?

(1) Encouraging rote memorization of facts.

(2) Discouraging students from asking questions.

(3) Encouraging students to think independently and questioning assumptions.

(4) Providing students with a set of predetermined answers to choose from.

कक्षा में आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा प्रभावी तरीका है?

(1) तथ्यों को रटने के लिए प्रोत्साहित करना।

(2) विद्यार्थियों को प्रश्न पूछने से हतोत्साहित करना।

(3) छात्रों को स्वतंत्र रूप से सोचने और धारणाओं पर सवाल उठाने के लिए प्रोत्साहित करना।

(4) छात्रों को चुनने के लिए पूर्व-निर्धारित उत्तरों का एक सेट प्रदान करना।

## PART—II / भाग—II

### MATHEMATICS / गणित

***Direction :*** Answer the following questions (Q. Nos. **31** to **60**) by selecting the **correct/most appropriate** options.

*निर्देश* : निम्नलिखित प्रश्नों (प्रश्न सं० **31** से **60**) के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे उपयुक्त** विकल्प चुनिए।

**31.** What is the sum of all the prime numbers between 12 and 49?

(1) 299 (2) 300 (3) 301 (4) 302

12 और 49 के बीच सभी अभाज्य संख्याओं का योग क्या है?

(1) 299 (2) 300 (3) 301 (4) 302

**32.** If 101 210 120 102 99 104 ☐, then what is the number at ☐?

(1) 1326 (2) 1327 (3) 1329 (4) 1336

यदि 101 210 120 102 99 104 ☐ है, तो ☐ के स्थान पर कौन-सी संख्या है?

(1) 1326 (2) 1327 (3) 1329 (4) 1336

**33.** The sum of all the common factors of 36 and 48 (excluding 1) is

(1) 26 (2) 27 (3) 28 (4) 29

36 और 48 के सभी सार्व गुणनखंडों (1 को छोड़कर) का योग है

(1) 26 (2) 27 (3) 28 (4) 29

**34.** What is the difference between the greatest 4-digit number and the least 4-digit number formed by using the digits 1, 5, 0 and 7 once?

(1) 6093 (2) 6003 (3) 6453 (4) 6531

अंकों 1, 5, 0 और 7 का प्रयोग एक ही बार करके बनी सबसे बड़ी 4-अंकीय संख्या तथा सबसे छोटी 4-अंकीय संख्या में कितना अंतर है?

(1) 6093 (2) 6003 (3) 6453 (4) 6531

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**35.** Kanta has five dozen chocolates. She gives $\frac{1}{6}$ of these to Aruna and $\frac{1}{5}$ of the remaining chocolates to Radha. She then gives $\frac{1}{8}$ of the remaining chocolates to each of her other three friends. How many chocolates does Kanta have now?

(1) 15 (2) 20 (3) 25 (4) 10

कांता के पास पाँच दर्जन चॉकलेट हैं। वह इनका $\frac{1}{6}$ भाग अरुणा को और शेष चॉकलेटों का $\frac{1}{5}$ भाग राधा को देती है। उसके बाद, वह अपने अन्य तीन मित्रों में से प्रत्येक को शेष चॉकलेटों का $\frac{1}{8}$ भाग देती है। कान्ता के पास अब कितने चॉकलेट हैं?

(1) 15 (2) 20 (3) 25 (4) 10

**36.** (LCM of 96, 120 and 160)    (HCF of 72 and 168) is equal to

(1) 12 (2) 15 (3) 20 (4) 30

(96, 120 और 160 का LCM)    (72 और 168 का HCF) बराबर है

(1) 12 (2) 15 (3) 20 (4) 30

**37.** The cost of 8 Samosas is ₹ 156 and that of 4 Idlis is ₹ 98. Sunita has a ₹ 200 note only and buys 3 Samosas and 3 Idlis. How much money is left with her now?

(1) ₹ 65 (2) ₹ 66 (3) ₹ 68 (4) ₹ 72

8 समोसों का मूल्य ₹ 156 है और 4 इडलियों का मूल्य ₹ 98 है। सुनीता के पास केवल एक ₹ 200 का नोट है और वह 3 समोसे और 3 इडलियाँ खरीदती है। उसके पास अब कितने रुपये बचे हैं?

(1) ₹ 65 (2) ₹ 66 (3) ₹ 68 (4) ₹ 72

**38.** 24 L 650 mL of milk is filled in 29 bottles each of same size. The quantity of milk in 15 such bottles is

(1) 11 L 900 mL (2) 12 L 750 mL (3) 13 L 600 mL (4) 15 L 300 mL

एक ही साइज की 29 बोतलों में 24 L 650 mL दूध भरा जाता है। ऐसी 15 बोतलों में दूध की मात्रा है

(1) 11 L 900 mL (2) 12 L 750 mL (3) 13 L 600 mL (4) 15 L 300 mL

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**39.** The internal length, breadth and height of a cuboidal box are 12 cm, 10 cm and 8 cm, respectively. A cubical box has side (internal) 9 cm. Avin tries to pack 1800 cubical dice of side 1 cm each in these two boxes. The number of dice which are left unpacked is :

(1) 111 (2) 121 (3) 123 (4) 129

एक घनाभाकार बक्से की आंतरिक लम्बाई, चौड़ाई और ऊँचाई क्रमशः 12 cm, 10 cm और 8 cm हैं। एक घनाकार बक्से की आंतरिक भुजा 9 cm है। अविन 1 cm भुजा वाले 1800 घनाकार पासों को इन दोनों बक्सों में पैक करने की कोशिश करता है। बचे हुए पासे, जो इन बक्सों में पैक नहीं हो पाते, की संख्या है :

(1) 111 (2) 121 (3) 123 (4) 129

**40.** A bag containing potatoes, onions and lemons weighs 46 kg 160 g. The weight of potatoes is 17 kg 115 g and that of onions is 15 kg 325 g. The weight of empty bag is 120 g. If 30 lemons weigh 1 kg, then what is the number of lemons in the bag?

(1) 396 (2) 402 (3) 408 (4) 414

किसी थैले का भार, जिसमें आलू, प्याज और नींबू भरे हुए हैं, 46 kg 160 g है। आलू का भार 17 kg 115 g तथा प्याज का भार 15 kg 325 g है। खाली थैले का भार 120 g है। यदि 30 नींबुओं का भार 1 kg है, तो थैले में नींबुओं की संख्या क्या है?

(1) 396 (2) 402 (3) 408 (4) 414

**41.** Which of the following has/have only two lines of symmetry?

A. Equilateral triangle B. Rectangle

C. Rhombus D. Isosceles triangle

Choose the correct option.

(1) A and B (2) Only B (3) B and C (4) C and D

निम्न में से किसकी/किनकी केवल दो सममित रेखाएँ हैं?

A. समबाहु त्रिभुज B. आयत

C. समचतुर्भुज D. समद्विबाहु त्रिभुज

सही विकल्प चुनिए।

(1) A और B (2) केवल B (3) B और C (4) C और D

**42.** Which of the following letters has a rotational symmetry but ***no*** line symmetry?

(1) X (2) M (3) O (4) Z

निम्न में से किस अक्षर में घूर्णन सममिति है, परंतु रेखा सममिति **नहीं** है?

(1) X (2) M (3) O (4) Z

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**43.** A pentagonal pyramid has

(1) five faces and five vertices
(2) six faces and six edges
(3) six vertices and five faces
(4) six vertices and six faces

एक पंचभुज के आधार वाले पिरामिड में निम्न होते हैं

(1) पाँच फलक और पाँच शीर्ष
(2) छः फलक और छः किनारे
(3) छः शीर्ष और पाँच फलक
(4) छः शीर्ष और छः फलक

**44.** The following table shows the number of visitors to a library in the first six days of a week :

| *Days* | *Number of visitors* |
|---|---|
| Monday | 86 |
| Tuesday | 114 |
| Wednesday | 141 |
| Thursday | 95 |
| Friday | 124 |
| Saturday | 151 |

On which day, the number of visitors to the library was 29 more than its previous day?

(1) Tuesday (2) Wednesday (3) Friday (4) Saturday

निम्न सारणी सप्ताह के प्रथम छः दिनों में एक लाइब्रेरी में आने वाले लोगों की संख्या को दर्शाती है :

| *दिन* | *लोगों की संख्या* |
|---|---|
| सोमवार | 86 |
| मंगलवार | 114 |
| बुधवार | 141 |
| बृहस्पतिवार | 95 |
| शुक्रवार | 124 |
| शनिवार | 151 |

किस दिन लाइब्रेरी में लोगों की संख्या उसके पिछले दिन से 29 अधिक थी?

(1) मंगलवार (2) बुधवार (3) शुक्रवार (4) शनिवार

**45.** The sum of next two numbers in the pattern 3, 10, 32, 99, _____, _____ is

(1) 1119 (2) 1121 (3) 1209 (4) 1211

पैटर्न 3, 10, 32, 99, _____, _____ में अगली दो संख्याओं का योग है

(1) 1119 (2) 1121 (3) 1209 (4) 1211

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**46.** A teacher writes the number 308 on the blackboard and asks the children to read the number loudly. A child says, "It is thirty-eight." Which among the following is the most appropriate strategy to rectify the error committed by the child?

(1) Ask another child to read the number loudly.

(2) Provide few practical examples to the child to understand the position of digits in a number.

(3) Teacher can read the number once and ask the child to repeat.

(4) Ask the child to start counting from 99 up to 308 in continuity.

एक शिक्षक ने श्यामपट्ट पर संख्या 308 लिखकर बच्चों को संख्या जोर से पढ़ने के लिए कहा। एक बच्चे ने कहा, ''यह अड़तीस है।'' निम्नलिखित में से कौन-सी बच्चे द्वारा की गई त्रुटि को सुधारने के लिए सबसे उपयुक्त कार्यनीति है?

(1) किसी दूसरे बच्चे को संख्या जोर से पढ़ने के लिए कहें।

(2) बच्चे को एक संख्या में अंकों के स्थान को समझाने के लिए कुछ व्यावहारिक उदाहरण प्रदान करें।

(3) शिक्षक एक बार संख्या पढ़ें और बच्चे को दोहराने के लिए कहें।

(4) बच्चे से कहें कि वह 99 से शुरू करके 308 तक गिनती लगातार बोले।

**47.** A class II mathematics teacher gives the following word problem on addition to the students to solve :

"A bag contains 4 mangoes and 6 more mangoes are added to it. How many total mangoes are there in the bag?"

This type of word problem belongs to which of the following structures of addition?

(1) Augmentation
(2) Segregation
(3) Repeated addition
(4) Aggregation

कक्षा II का एक गणित शिक्षक, विद्यार्थियों को योग पर निम्नलिखित इबारती सवाल हल करने के लिए देता है :

''एक बैग में 4 आम हैं तथा उसमें 6 आम और डाल दिए जाते हैं। उस बैग में कुल कितने आम हैं?''

इस प्रकार का इबारती सवाल निम्नलिखित में से योग की किस संरचना से संबंध रखता है?

(1) संवर्धन
(2) वियोजन (पृथक्करण)
(3) पुनरावृत्त योग
(4) समुच्चयन

**48.** Which of the following pre-number concepts are relevant for building the understanding of mathematical concepts at foundational stage?

(1) Basic operations
(2) Place value and numeration
(3) Geometrical shapes
(4) Classification and ordering

निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या-पूर्व अवधारणाएँ बुनियादी स्तर पर गणितीय अवधारणाओं की समझ के निर्माण के लिए प्रासंगिक हैं?

(1) मूलभूत संक्रियाएँ
(2) स्थानीय मान और संख्यान
(3) ज्यामितीय आकृतियाँ
(4) वर्गीकरण और क्रमबद्धता

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**49.** Which of the following is least desirable in a primary school mathematics classroom?

(1) Encouragement of intuitive concepts in the classroom
(2) Building linkages with real-life situations involving mathematical ideas
(3) Solving algorithm-based questions from workbook
(4) Including open discussions on problem solving in the classroom

निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक विद्यालय की गणित कक्षा में सबसे कम वांछनीय है?

(1) कक्षा में अन्तर्दर्शीय अवधारणाओं को प्रोत्साहित करना
(2) गणितीय विचारों को सम्मिलित करती हुई वास्तविक जीवन की परिस्थितियों के साथ संबंध बनाना
(3) कार्यपुस्तिका से कलन-विधि आधारित प्रश्नों को हल करना
(4) कक्षा में समस्या समाधान पर खुली चर्चा को समाकलित करना

**50.** Which of the following is/are appropriate in the context of social perspectives on assessment in mathematics?

A. Bringing the experiences of children outside the school in assessment
B. Making standardized tests
C. Using folk algorithms from different cultures

Choose the correct option.

(1) A and C (2) Only B (3) A and B (4) Only A

निम्नलिखित में से कौन-सा/से गणित में आकलन के सामाजिक दृष्टिकोण के संदर्भ में उपयुक्त है/हैं?

A. बच्चों के स्कूल के बाहर के अनुभवों को आकलन में लाना
B. मानकीकृत टेस्ट बनाना
C. विभिन्न संस्कृतियों से लोक प्रचलित प्रणालियों (फोक ऐल्गोरिथ्म) का उपयोग करना

सही विकल्प चुनिए।

(1) A और C (2) केवल B (3) A और B (4) केवल A

**51.** Which of the following is least appropriate about contextual problems in mathematics?

(1) They are connected closely to children's lives.
(2) They can help in developing the children's ability of mathematical modelling.
(3) Children tend to focus on getting a correct answer while solving them.
(4) They might be derived from recent experiences in the classroom like a field trip, a discussion in art, science, or social studies classrooms.

निम्नलिखित में से कौन-सा गणित में संदर्भात्मक समस्याओं के विषय में सबसे कम उपयुक्त है?

(1) ये बच्चों के जीवन से करीब से संबंधित होती हैं।
(2) ये बच्चों की गणितीय निदर्शन की क्षमताओं को विकसित करने में सहायता कर सकती हैं।
(3) इनको हल करते समय बच्चे सही उत्तर प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करने लगते हैं।
(4) इन्हें कक्षा में हुए हाल ही के अनुभवों जैसे क्षेत्र-भ्रमण, कला, विज्ञान या सामाजिक अध्ययन की कक्षाओं में चर्चा के द्वारा व्युत्पन्न किया जा सकता है।

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**52.** The statements given below are marked as Assertion (A) and Reason (B) :

A : It is important to introduce data representation and analysis in the primary stage and to strengthen it in the upper primary stage.

B : Data analysis exposes children at primary level to uncertainty and changeability in information as opposed to the fixed nature of mathematical facts they mostly study.

Choose the correct option.

(1) A is true and B is false.

(2) A is false and B is true.

(3) A is true but B is not the correct reason of A.

(4) A is true and B is the correct reason of A.

नीचे दिए गए कथन, अभिकथन (A) और कारण (B) के रूप में चिह्नित हैं :

A : आँकड़ों का निरूपण और विश्लेषण का परिचय प्राथमिक स्तर पर दिया जाना और उसको उच्च प्राथमिक स्तर पर सशक्त करना महत्त्वपूर्ण है।

B : आँकड़ों का विश्लेषण प्राथमिक स्तर पर बच्चों द्वारा मुख्यतः पढ़े गए गणितीय तथ्यों की निश्चित प्रकृति के विपरीत उन्हें सूचना की अनिश्चितता और परिवर्तनशीलता के प्रति अभिदर्शित करता है।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A सत्य है और B असत्य है।

(2) A असत्य है और B सत्य है।

(3) A सत्य है किन्तु A का सही कारण B नहीं है।

(4) A सत्य है और A का सही कारण B है।

**53.** Which of the following is ***not*** an expected learning outcome for class III as per NCERT recommendations?

(1) Is 15 4 equal to 4 15?

(2) Solve $\frac{1}{2} \quad \frac{1}{3}$.

(3) Extend the sequence A, DE, HIJ, _____ .

(4) There are 12 balls in a box. How many balls will be there in 5 such boxes?

एन॰ सी॰ ई॰ आर॰ टी॰ की सिफारिशों के अनुसार कक्षा III के विद्यार्थियों के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा अधिगम प्रतिफल अपेक्षित **नहीं** है?

(1) क्या 15 4 बराबर है 4 15 के?

(2) $\frac{1}{2} \quad \frac{1}{3}$ को हल करें।

(3) A, DE, HIJ, _____ क्रम का विस्तार करें।

(4) एक डिब्बे में 12 गेंदें हैं, तो ऐसे 5 डिब्बों में कितनी गेंदें होंगी?

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**54.** Which of the following mathematical statements is true?

(1) Zero is called an additive identity for whole numbers.
(2) Mathematics is based only on observations and experiments.
(3) Zero is called the multiplicative identity for whole numbers.
(4) Commutative law holds true for the operation of 'division'.

निम्नलिखित में से कौन-सा गणितीय कथन सही है?

(1) पूर्ण संख्याओं के लिए शून्य एक योज्य तत्समक कहलाता है।
(2) गणित केवल अवलोकन और प्रयोगों पर आधारित है।
(3) पूर्ण संख्याओं के लिए शून्य एक गुणनात्मक तत्समक कहलाता है।
(4) 'भाग' की संक्रिया के लिए क्रमविनिमेय नियम सत्य होता है।

**55.** In mathematics, the primary stage curriculum is focussed on _____.

(1) rote learning
(2) nurturing curiosity
(3) written algorithms
(4) solving textbook questions

गणित में, प्राथमिक स्तर की पाठ्यचर्या _____ पर केंद्रित होती है।

(1) रटांत अधिगम
(2) जिज्ञासा पोषित करने
(3) लिखित कलन-विधि (ऐल्गोरिथ्म)
(4) पाठ्यपुस्तक के प्रश्नों को हल करने

**56.** A child writes five hundred three as 5003. It shows that

(1) the child needs to learn counting
(2) the child does not know how to write numbers in words
(3) the child does not know the concept of place value
(4) the child needs to learn recognition of digits

एक बच्चा पाँच सौ तीन को 5003 लिखता है। यह दर्शाता है कि

(1) बच्चे को गिनती सीखने की जरूरत है
(2) बच्चे को नहीं पता कि संख्याएँ शब्दों में कैसे लिखी जाती हैं
(3) बच्चा स्थानीय मान की अवधारणा को नहीं जानता
(4) बच्चे को अंकों की पहचान सीखने की जरूरत है

**57.** According to Van Hiele's levels of development of geometrical thinking, which of the following represents level–2 (relationships)?

(1) A child cannot classify various shapes that look similar.
(2) A child identifies and classifies shapes based only on their size or orientation.
(3) A child can informally deduce general properties of a given geometrical shape and is able to see the linkages among these properties.
(4) A student can follow the deductive axiomatic systems of geometry.

वैन हीले के ज्यामितीय चिंतन के विकास के स्तरों के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा स्तर–2 (संबंधों) को निरूपित करता है?

(1) एक बच्चा समान दिखने वाली विभिन्न आकृतियों का वर्गीकरण नहीं कर सकता है।
(2) एक बच्चा आकृतियों की पहचान तथा वर्गीकरण केवल उनके आकार अथवा दिक्विन्यास के आधार पर करता है।
(3) एक बच्चा दी गई ज्यामितीय आकृति के सामान्य गुणों का अनौपचारिक रूप से निगमन कर सकता है तथा इन गुणों के बीच के संबंधों को देख सकने में सक्षम है।
(4) एक विद्यार्थी ज्यामिति की निगमनात्मक अभिगृहीतीय व्यवस्थाओं को समझ सकता है।

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**58.** Which of the following is the most appropriate example of incorporation of local/cultural knowledge in mathematics teaching-learning?

(1) Colourful mathematics textbooks with pictures from various cultures
(2) Including only traditional methods of calculations in textbooks
(3) Remedial teaching for learners from different cultures
(4) Including examples of different methods of calculation used by the people from various occupations and communities

निम्नलिखित में से कौन-सा गणित शिक्षण-अधिगम में स्थानीय/सांस्कृतिक ज्ञान के समावेश का सबसे उपयुक्त उदाहरण है?

(1) विभिन्न संस्कृतियों के चित्रों के साथ रंगीन गणित की पाठ्यपुस्तकें
(2) पाठ्यपुस्तकों में केवल परंपरागत प्रणालियों से किए जाने वाले अभिकलन को सम्मिलित करना
(3) विभिन्न संस्कृतियों के शिक्षार्थियों के लिए उपचारात्मक शिक्षण
(4) विभिन्न व्यवसायों और समुदायों के लोगों द्वारा उपयोग किए जाने वाली गणना की विभिन्न प्रणालियों के उदाहरणों को सम्मिलित करना

**59.** One of the main guiding principles of the National Education Policy, 2020 is "The highest priority is to achieve foundational literacy and numeracy at _____ by all the students".

(1) grade 1 (2) grade 3 (3) grade 2 (4) grade 5

राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के मुख्य मार्गदर्शक सिद्धान्तों में से एक है कि ''सभी विद्यार्थियों द्वारा _____ तक मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान प्राप्त करना सर्वोच्च प्राथमिकता है''।

(1) कक्षा 1 (2) कक्षा 3 (3) कक्षा 2 (4) कक्षा 5

**60.** A primary class mathematics teacher brings in two jars of different shapes, with water in one of them, to her classroom. She pours water completely from the taller, thin jar to the shorter, broad jar. She then asks the question, "Which jar can hold more water?"

This activity is most appropriate to teach

(1) how to calculate the area of two jars with different shapes
(2) formula for calculating volume
(3) volume and its conservation
(4) the concept of standard units of measurement of liquids

प्राथमिक कक्षा की गणित की एक अध्यापिका अपनी कक्षा में अलग-अलग आकार वाले दो जार लेकर आती है जिनमें से एक में पानी भरा है। वह लम्बे, पतले जार से पूरा पानी छोटे, चौड़े जार में डालती है। उसके बाद, वह प्रश्न पूछती है, ''किस जार में ज्यादा पानी आ सकता है?''

यह गतिविधि _____ पढ़ाने के लिए सबसे उपयुक्त है।

(1) दो अलग-अलग आकार वाले जार के क्षेत्रफल का परिकलन कैसे किया जाए
(2) आयतन के परिकलन का सूत्र
(3) आयतन और उसका संरक्षण
(4) तरल पदार्थों के माप की मानक इकाइयों की अवधारणा

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

## PART—III / भाग—III

### ENVIRONMENTAL STUDIES / पर्यावरण अध्ययन

***Direction :*** Answer the following questions (Q. Nos. **61** to **90**) by selecting the **correct/most appropriate** options.
***निर्देश*** : निम्नलिखित प्रश्नों (प्रश्न सं० **61** से **90**) के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे उपयुक्त** विकल्प चुनिए।

**61.** The approximate distance between the capital of Madhya Pradesh (Bhopal) and the capital of Maharashtra (Mumbai) is 756 km. If a train covers this distance in nearly 14 hours, the average speed of the train in metre per second is

(1) 900 m/s (2) 15 m/s (3) 30 m/s (4) 54 m/s

मध्य प्रदेश की राजधानी (भोपाल) और महाराष्ट्र की राजधानी (मुम्बई) के बीच की दूरी लगभग 756 km है। यदि कोई ट्रेन इस दूरी को तय करने में लगभग 14 घण्टे का समय लेती है, तो इस ट्रेन की मीटर प्रति सेकण्ड में औसत चाल है

(1) 900 m/s (2) 15 m/s (3) 30 m/s (4) 54 m/s

**62.** Consider the following characteristics of houses :

A. Wooden floor and wooden flat ceilings

B. Ground floor without window for animals and storing necessary materials

C. Elevated houses made with slanting roofs and the stone pillars

D. Thick walls made of stones, mud and lime

The characteristics found in the houses of Leh and Ladakh are

(1) A, B and C (2) B, C and D

(3) A, C and D (4) A, B and D

घरों की निम्नलिखित विशिष्टताओं पर विचार कीजिए :

A. लकड़ी के फर्श और लकड़ी की समतल छतें

B. निचली मंजिल में कोई खिड़की नहीं, यह मंजिल जानवरों और आवश्यक सामान को रखने के लिए

C. ढालू छत व जमीन से ऊपर उठे पत्थरों के खम्बों पर बने घर

D. पत्थर, गारा और चूने से बनी मोटी दीवारें

लेह और लद्दाख के घरों में पायी जाने वाली विशिष्टताएँ हैं

(1) A, B और C (2) B, C और D

(3) A, C और D (4) A, B और D

**63.** Select from the following a state where the meaning of 'Torang' is jungle

(1) Assam (2) Jharkhand

(3) Mizoram (4) Meghalaya

निम्नलिखित में से वह राज्य चुनिए जहाँ 'तोरांग' का अर्थ जंगल है

(1) असम (2) झारखण्ड

(3) मिज़ोरम (4) मेघालय

**64.** Consider the following statements about Nepenthes/Pitcher plant :

A. This plant has leaves which are pitcher-shaped and the mouth is covered with a leaf.

B. This plant has a special smell that attracts insects to it.

C. This plant is very common in the cold deserts of Ladakh and Russia.

D. This plant can trap and eat small insects, frogs and even mice. These animals when land on the mouth of the plant, they get trapped and cannot get out of it.

The correct statements are

(1) only A and B (2) only A and D

(3) A, B and C (4) A, B and D

निपेन्थिस/घटपर्णी के बारे में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए :

A. इस पौधे में पत्तियों की आकृति घड़े जैसी होती है और मुँह पर पत्ते का ढक्कन होता है।

B. इस पौधे से एक विशेष गंध निकलती है, जो कीटों को आकर्षित करती है।

C. यह लद्दाख और रूस के शीत मरुस्थलों (रेगिस्तानों) में पाया जाने वाला बहुत सामान्य पौधा है।

D. यह पौधा छोटे कीड़े-मकोड़ों, मेंढकों और चूहों तक को फँसा और खा सकता है। जैसे ही ये जीव इस पौधे के मुँह पर पहुँचते हैं, वे उसमें फँस जाते हैं और बाहर निकल नहीं पाते हैं।

सही कथन हैं

(1) केवल A और B (2) केवल A और D

(3) A, B और C (4) A, B और D

**65.** Which one of the following statements is ***not*** true about the houses of Srinagar in Kashmir?

(1) The old houses here are made of stone, bricks and wood.

(2) Some old houses have special type of windows which come out of the wall. These are called 'dab'.

(3) Houseboats on Dal Lake are one of the attractions of Srinagar.

(4) Many families in Srinagar live in 'Dongas' which are built in hilly areas.

कश्मीर में श्रीनगर के घरों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही **नहीं** है?

(1) पुराने घर पत्थर, ईंट और लकड़ी से बने होते हैं।

(2) कुछ पुराने घरों में विशेष प्रकार की खिड़कियाँ होती हैं, जो बाहर की ओर निकली होती हैं। इन्हें 'डब' कहते हैं।

(3) डल झील पर हाउसबोट, श्रीनगर का एक मुख्य आकर्षण है।

(4) श्रीनगर में बहुत सारे परिवार 'डोंगा' में रहते हैं, जो पहाड़ी क्षेत्रों में बने हुए हैं।

**66.** Consider the following statements about beehives :

A. Every beehive has only one queen bee that lays eggs.

B. There are a few males in the hive who make the hive.

C. The number of females is much more than the males in the hive. These female bees are the worker bees who work all day. They also look after the baby bees.

D. The worker bees fly around flowers in search of nectar for honey. On finding flowers with nectar, they do a special kind of dance by which other bees also join them to collect the nectar.

The correct statements are

(1) A and B (2) A, B and C (3) A, C and D (4) A and D

मधुमक्खियों के छत्तों के बारे में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए :

A. प्रत्येक छत्ते में केवल एक रानी मक्खी होती है, जो अण्डे देती है।

B. छत्ते में कुछ नर मक्खी होते हैं, जो छत्ते का निर्माण करते हैं।

C. छत्ते में नर मक्खियों की तुलना में मादा मक्खियों की संख्या काफी अधिक होती है। ये मादा मक्खियाँ श्रमिक मक्खियाँ होती हैं, जो दिनभर काम करती हैं और बच्चों की देखभाल भी करती हैं।

D. श्रमिक मक्खियाँ फूलों के चारों ओर शहद के लिए रस की खोज में उड़ती हैं। रस वाले फूलों को खोजने पर विशेष प्रकार का नाच करती हैं, जिसके द्वारा अन्य मक्खियाँ भी रस एकत्र करने के लिए इनसे जुड़ जाती हैं।

सही कथन हैं

(1) A और B (2) A, B और C (3) A, C और D (4) A और D

**67.** Consider the following statements about elephants :

A. Elephants live in herds.

B. A herd may have 20 to 25 female elephants and their young ones.

C. Male elephants live in the herd till they are 9–10 years.

D. The oldest female takes all the decisions of the herd.

The correct statements are

(1) A and C (2) B and D (3) A and D (4) A, C and D

हाथियों के बारे में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए :

A. हाथी झुण्डों में रहते हैं।

B. हाथियों के एक झुण्ड में 20 से 25 हथिनियाँ और उनके बच्चे होते हैं।

C. नर हाथी, झुण्ड में 9–10 वर्ष की आयु तक ही रहते हैं।

D. सबसे अधिक आयु की हथिनी झुण्ड के सभी फैसले लेती है।

सही कथन हैं

(1) A और C (2) B और D (3) A और D (4) A, C और D

**68.** More than a thousand years ago, Al-Biruni, a traveller from Uzbekistan, had described his observations about India. Which of the following observations were recorded in Al-Biruni's book?

A. People of India are very skilled at making ponds.

B. Horses are used to draw carts in India.

C. Step-wells have separate steps for going up and coming down.

D. Lakes and Johads are built to collect water.

Choose the correct option.

(1) A and B (2) B and C (3) C and D (4) A and C

प्रायः एक हज़ार वर्ष पूर्व, अल-बिरूनी, उज़्बेकिस्तान से आए एक यात्री ने भारत के बारे में अपना वृत्तांत लिखा था। निम्नलिखित में से कौन-से वृत्तांत अल-बिरूनी के किताब में लिपिबद्ध किए गए हैं?

A. भारत के लोग तालाब बनाने में बहुत माहिर हैं।

B. ठेला खींचने के लिए भारत में घोड़ों का इस्तेमाल होता है।

C. बावड़ियों में उतरने व चढ़ने की सीढ़ियाँ अलग-अलग होती हैं।

D. झील और जोहड़, पानी को इकट्ठा करने के लिए बनवाए जाते हैं।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A और B (2) B और C (3) C और D (4) A और C

**69.** People who have been living in the forests for at least _____ have a right over the forest land and what is grown on it, according to the Right to Forest Act, 2007.

(1) 20 years (2) 25 years (3) 30 years (4) 35 years

जंगल अधिकार कानून, 2007 के अनुसार, कम-से-कम _____ तक जंगल में रहने से वहाँ के लोगों को जंगल तथा वहाँ पैदा होने वाली चीज़ों पर हक मिल जाता है।

(1) 20 वर्ष (2) 25 वर्ष (3) 30 वर्ष (4) 35 वर्ष

**70.** Read Assertion (A) and Reason (R) carefully :

Assertion (A) : Domestication of animals was a gradual process that took place in many parts of the world.

Reason (R) : The earliest domesticated animals include sheep and goat.

Choose the correct option.

(1) Both A and R are true and R explains A.

(2) Both A and R are true but R does not explain A.

(3) A is true but R is false.

(4) A is false but R is true.

अभिकथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए :

अभिकथन (A) : पशुओं को पालतू बनाने की प्रक्रिया दुनिया के बहुत से भागों में धीरे-धीरे चलती रही।

कारण (R) : सबसे पहले पालतू बनाए गए जानवरों में भेड़ एवं बकरी आते हैं।

सही विकल्प चुनिए।

(1) दोनों A एवं R सही हैं तथा R, A की व्याख्या करता है।

(2) दोनों A एवं R सही हैं किन्तु R, A की व्याख्या नहीं करता है।

(3) A सही है किन्तु R गलत है।

(4) A गलत है किन्तु R सही है।

**71.** Which one of the following animals was ***not*** reared by the Harappans?

(1) Sheep (2) Goat (3) Buffalo (4) Horse

हड़प्पा के लोगों द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा एक जानवर पाला **नहीं** जाता था?

(1) भेड़ (2) बकरी (3) भैंस (4) घोड़ा

**72.** Which of the following States/Union Territories were carved out in the Indian Union in the last 25 years?

(1) Puducherry, Goa, Sikkim

(2) Telangana, Chhattisgarh, Ladakh

(3) Uttarakhand, Madhya Pradesh, Jharkhand

(4) Jammu and Kashmir, Sikkim, Arunachal Pradesh

भारतीय संघ (यूनियन) में गत 25 वर्षों में निम्न में से कौन-से राज्य/केन्द्र-शासित प्रदेश बनाए गए थे?

(1) पुदुचेरी, गोआ, सिक्किम

(2) तेलंगाना, छत्तीसगढ़, लद्दाख

(3) उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, झारखंड

(4) जम्मू और कश्मीर, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश

**73.** You must have heard about the famous Olympian Karnam Malleswari. What game did she play in international events?

(1) Wrestling
(2) Cricket (Women's)
(3) Weight lifting
(4) Chess

आपने मशहूर ऑलिम्पिक खिलाड़ी कर्णम मल्लेश्वरी का नाम जरूर सुना होगा। अन्तर्राष्ट्रीय मुकाबलों में वह कौन-सा खेल खेलती थी?

(1) कुश्ती
(2) क्रिकेट (महिला)
(3) भारोत्तोलन
(4) शतरंज

**74.** Which one of the following statements is true about Madhubani paintings and the area in which they originated?

(1) It is an old form of folk art that originated in the State of Rajasthan.
(2) These paintings are done on the floor using brush and indigo in the Mithila region of Bihar.
(3) These paintings are mainly influenced by the Mughal art and culture.
(4) It has its roots in the Mithila region of Bihar and these are made out of paste of powdered rice in which colours are mixed.

मधुबनी पेंटिंग तथा उसके उत्पत्ति क्षेत्र से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सही है?

(1) यह एक पुराने लोक कला का रूप है जिसकी उत्पत्ति राजस्थान में हुई थी।
(2) बिहार के मिथिला क्षेत्र में ब्रश और नीले रंग का प्रयोग करके ये पेंटिंग जमीन पर बनाये जाते हैं।
(3) ये पेंटिंग मुख्य रूप से मुगल कला एवं संस्कृति से प्रभावित हैं।
(4) इस पेंटिंग की उत्पत्ति बिहार के मिथिला क्षेत्र में हुई है तथा ये पेंटिंग पीसे हुए चावल के घोल में रंग मिलाकर बनाए जाते हैं।

**75.** Read Assertion (A) and Reason (R) carefully :

Assertion (A) : Mixture of cow dung and mud is used to coat the floor of houses.

Reason (R) : Cow dung helps to regulate the temperature inside the house and keeps the insects away.

Choose the correct option.

(1) Both A and R are true and R is the correct explanation of A.
(2) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A.
(3) A is true but R is false.
(4) A is false but R is true.

अभिकथन (A) और कारण (R) को ध्यान से पढ़िए :

अभिकथन (A) : घरों की सतह (जमीन) की गोबर और मिट्टी के घोल से लिपाई की जाती है।

कारण (R) : गोबर घर के अन्दर तापमान को नियंत्रित करता है तथा कीड़ों को घर से दूर रखता है।

सही विकल्प चुनिए।

(1) दोनों A एवं R सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
(2) दोनों A एवं R सही हैं किन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।
(3) A सही है किन्तु R गलत है।
(4) A गलत है किन्तु R सही है।

**76.** Match Column—A with Column—B :

| | *Column—A* | | *Column—B* |
|---|---|---|---|
| (a) | Peer assessment | (i) | Tool of assessment |
| (b) | Rubric-based rating scale | (ii) | Self-learning |
| (c) | Assessment as learning | (iii) | Summative assessment |
| (d) | Paper-pencil test | (iv) | Technique of assessment |

Choose the correct option.

(1) (a)–(iii), (b)–(iv), (c)–(i), (d)–(ii)
(2) (a)–(i), (b)–(iv), (c)–(iii), (d)–(ii)
(3) (a)–(iv), (b)–(i), (c)–(ii), (d)–(iii)
(4) (a)–(iii), (b)–(iv), (c)–(ii), (d)–(i)

स्तम्भ—A और स्तम्भ—B का मिलान कीजिए :

| | **स्तम्भ—A** | | **स्तम्भ—B** |
|---|---|---|---|
| (a) | सहपाठी आकलन | (i) | आकलन का उपकरण |
| (b) | रूब्रिक-आधारित रेटिंग स्केल | (ii) | स्वयं सीखना |
| (c) | सीखने के रूप में मूल्यांकन | (iii) | योगात्मक आकलन |
| (d) | कागज-पेन्सिल परीक्षण | (iv) | आकलन की तकनीक |

सही विकल्प चुनिए।

(1) (a)–(iii), (b)–(iv), (c)–(i), (d)–(ii)
(2) (a)–(i), (b)–(iv), (c)–(iii), (d)–(ii)
(3) (a)–(iv), (b)–(i), (c)–(ii), (d)–(iii)
(4) (a)–(iii), (b)–(iv), (c)–(ii), (d)–(i)

**77.** Which of the following statements are correct about learning of EVS?

A. Children are naturally curious to learn.
B. Children are passive recipients in learning.
C. Children need teacher for learning.
D. Children learn better in collaborative groups.

Choose the correct option.

(1) A and B (2) B and C (3) A and D (4) A and C

पर्यावरण अध्ययन सीखने के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

A. बच्चे सीखने के लिए स्वाभाविक रूप से जिज्ञासु होते हैं।
B. बच्चे सीखने में निष्क्रिय प्राप्तकर्त्ता हैं।
C. बच्चों को सीखने के लिए शिक्षक की आवश्यकता है।
D. बच्चे सहयोगी समूहों में बेहतर सीखते हैं।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A और B (2) B और C (3) A और D (4) A और C

**78.** Which of the following components best describe the meaning of EVS?

A. Accumulation of facts
B. Observation
C. Asking questions
D. Experimentation

Choose the correct option.

(1) A, B and C (2) A, C and D (3) A, B and D (4) B, C and D

निम्नलिखित में से कौन-से घटक पर्यावरण अध्ययन के अर्थ की सर्वश्रेष्ठ व्याख्या करते हैं?

A. तथ्यों का संग्रह
B. अवलोकन
C. प्रश्न पूछना
D. प्रयोग

सही विकल्प चुनिए।

(1) A, B और C (2) A, C और D (3) A, B और D (4) B, C और D

**79.** The knowledge of which of the following is the most important for an EVS teacher?

(1) Facts, principles and laws of EVS
(2) How children learn EVS?
(3) How to teach EVS?
(4) Concepts and curriculum of EVS

एक पर्यावरण अध्ययन शिक्षक के लिए निम्नलिखित में से किसका ज्ञान होना सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है?

(1) पर्यावरण अध्ययन के तथ्य, सिद्धांत एवं नियम
(2) बच्चे पर्यावरण अध्ययन कैसे सीखते हैं?
(3) पर्यावरण अध्ययन को कैसे पढ़ाएँ?
(4) पर्यावरण अध्ययन की अवधारणा और पाठ्यचर्या

**80.** Harleen asked her teacher, "Why do roses have thorns?" What must be the pedagogy of an EVS teacher towards this curiosity?

(1) Tell that roses have thorns to protect itself from animals.
(2) Tell that all roses do not have thorns.
(3) Tell her to find out which other plants have thorns.
(4) Ask her to observe animals eating plants with and without thorns.

हरलीन ने अपने शिक्षक से पूछा, ''गुलाब में काँटे क्यों होते हैं?'' एक पर्यावरण अध्ययन शिक्षक का शिक्षणशास्त्र इस जिज्ञासा के प्रति क्या होना चाहिए?

(1) उसे बताएँ कि गुलाब में काँटे उसे जानवरों से बचाने के लिए होते हैं।
(2) उसे बताएँ कि सभी गुलाबों में काँटे नहीं होते।
(3) उसे खोजने के लिए कहें कि और किन पौधों में काँटे होते हैं।
(4) उसे, जानवर जो काँटे लगे और बगैर काँटे लगे पौधों को चबाते हैं, उनका प्रेक्षण करने को कहें।

**81.** Isha of class IV asked her teacher, "Why cow does not lay eggs?" What is your most appropriate response if you are Isha's teacher?

(1) Reply that cows are mammals which give birth to young ones.
(2) Ask her to relate laying of eggs/giving birth to their visible ears and whose ears cannot be seen.
(3) Ask her to find out herself the reason for this.
(4) Ask other students of the class to answer Isha's question.

कक्षा IV की ईशा ने शिक्षक से पूछा, ''गाय अंडे क्यों नहीं देती?'' अगर आप ईशा के शिक्षक हैं, तो आपकी सर्वाधिक उपयुक्त प्रतिक्रिया क्या होगी?

(1) आप यह उत्तर देंगे कि गाय एक स्तनधारी है, जो बच्चों को जन्म देती है।
(2) उससे कहें कि जिन जानवरों के कान दिखाई देते हैं और जिनके कान नहीं दिखाई देते हैं, उनका सम्बन्ध उनसे जोड़े, जो जानवर अंडे देते हैं/बच्चों को जन्म देते हैं।
(3) उससे स्वयं इसके कारण का पता लगाने को कहेंगे।
(4) कक्षा के अन्य विद्यार्थियों से ईशा के प्रश्न का उत्तर पूछेंगे।

**82.** An EVS teacher wants to use storytelling as a strategy for teaching and learning. Which of the following are the most suitable for this?

A. Contextual stories
B. Folk stories
C. Student-written stories
D. Stories focussing on morals

Choose the correct option.

(1) A and D (2) B and D (3) C and D (4) A, B and C

एक पर्यावरण अध्ययन शिक्षक शिक्षण और अधिगम कौशल के रूप में कहानी का प्रयोग करना चाहता है। इस हेतु निम्नलिखित में से सर्वाधिक उपयुक्त क्या हैं?

A. संदर्भित कहानियाँ
B. लोककथाएँ
C. विद्यार्थी द्वारा लिखी गई कहानियाँ
D. आदर्शों पर केन्द्रित कहानियाँ

सही विकल्प चुनिए।

(1) A और D (2) B और D (3) C और D (4) A, B और C

**83.** Teacher asked students to draw an animal. Poonam draws an animal, having body parts of different animals. What should the teacher do?

A. Scold Poonam for drawing an absurd animal.
B. Ask Poonam why she has drawn parts of different animals.
C. Tell Poonam that no such animal exists.
D. Ask Poonam the name of the animal she has drawn.

Choose the correct option.

(1) A and C (2) B and D (3) C and D (4) Only A

शिक्षक ने विद्यार्थियों से एक जानवर का चित्र बनाने को कहा। पूनम ने एक जानवर का चित्र बनाया, जिसमें विभिन्न जानवरों के शरीर के भागों को प्रदर्शित किया गया है। शिक्षक को क्या करना चाहिए?

A. पूनम को बेतुका जानवर बनाने के लिए डाँटें।
B. पूनम से पूछें कि उसने विभिन्न जानवरों के भाग क्यों बनाए हैं।
C. पूनम से कहें कि ऐसा कोई जानवर नहीं होता।
D. पूनम से उस जानवर का नाम पूछें जो उसने बनाया है।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A और C (2) B और D (3) C और D (4) केवल A

**84.** If a teacher wants that students learn about the plant diversity, which of the following are the most suitable activities for this?

A. Ask students to look for objects which have patterns of leaves on them in their house.
B. Recite a poem to students written on different types of plants and their characteristics.
C. Blindfold students and ask the students to identify plants by smelling crushed leaves.
D. Ask students to collect the leaves of plants and make pictures of different animals using the leaves.

Choose the correct option.

(1) B and C (2) A and D (3) A and B (4) C and D

अगर एक शिक्षक यह चाहता है कि विद्यार्थी पादप विभिन्नता के बारे में सीखे, तो इसके लिए निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधियाँ सर्वाधिक उपयुक्त रहेंगी?

A. विद्यार्थियों से उनके घर में उन वस्तुओं को खोजने के लिए कहना जिन पर पत्तियों के पैटर्न हैं।
B. विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के पौधों और उनकी विशेषताओं पर लिखी कविता सुनाना।
C. विद्यार्थियों की आँखों पर पट्टी बाँधकर पौधों की पत्तियाँ मसलकर उन्हें सूँघकर पहचानने के लिए कहें।
D. विद्यार्थियों से पौधों की पत्तियों को इकट्ठा करने और पत्तियों का उपयोग करके विभिन्न जानवरों का चित्र बनाने के लिए कहें।

सही विकल्प चुनिए।

(1) B और C (2) A और D (3) A और B (4) C और D

**85.** Which of the following elements best describe the nature of EVS?

A. Established facts

B. Logical information

C. Observation

D. Scientific terminology

E. Experimentation

Choose the correct option.

(1) A and C (2) B and D (3) D and E (4) C and E

निम्नलिखित में से कौन-से तत्त्व पर्यावरण अध्ययन की प्रकृति की सर्वश्रेष्ठ व्याख्या करते हैं?

A. स्थापित तथ्य

B. तार्किक सूचना

C. अवलोकन

D. वैज्ञानिक शब्दावली

E. प्रयोग

सही विकल्प चुनिए।

(1) A और C (2) B और D (3) D और E (4) C और E

**86.** Read the following statements A and B carefully :

A. Recommendation of NCF (2005) is to discourage rote learning of information.

B. Recommendation of NCF (2005) is to discourage maintenance of sharp boundaries between different subject areas.

Choose the correct option.

(1) Both A and B are true.
(2) Both A and B are false.
(3) A is true but B is false.
(4) A is false but B is true.

निम्नलिखित कथन A और B को ध्यान से पढ़िए :

A. एन० सी० एफ० (2005) जानकारी को रटा देने को हतोत्साहित करने की सिफारिश करती है।

B. एन० सी० एफ० (2005) प्रत्येक विषय को तीक्ष्ण घेरे में बनाए रखने के प्रयास को हतोत्साहित करने की सिफारिश करती है।

सही विकल्प चुनिए।

(1) दोनों A और B सही हैं।
(2) दोनों A और B गलत हैं।
(3) A सही है किन्तु B गलत है।
(4) A गलत है किन्तु B सही है।

**87.** Chinu wants to know how day and night occur. Which of the following methods will be the best to explain this to Chinu?

(1) Explanation with diagrams
(2) Working model
(3) PowerPoint presentation
(4) Storytelling

चीनू यह जानना चाहता है कि दिन और रात कैसे होते हैं। चीनू को यह समझाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी विधि सर्वाधिक उपयुक्त रहेगी?

(1) चित्र के साथ व्याख्या
(2) क्रियाशील मॉडल
(3) पावरपॉइन्ट प्रस्तुतिकरण
(4) कहानी द्वारा

**88.** Read the following statements A and B carefully :

A. In EVS learning, the challenge is to respect the multicultural dimensions of diverse classrooms.

B. In EVS learning, every student should feel important—community, culture and his way of life.

Choose the correct option.

(1) Both A and B are true.
(2) Both A and B are false.
(3) A is true but B is false.
(4) A is false but B is true.

निम्नलिखित कथन A और B को ध्यान से पढ़िए :

A. पर्यावरण अध्ययन के अधिगम में कक्षा के बहु-सांस्कृतिक स्वरूप का आदर करना चुनौतीपूर्ण है।

B. पर्यावरण अध्ययन के अधिगम में प्रत्येक विद्यार्थी को महसूस होना चाहिए कि—उसका समाज, संस्कृति और उसका रहन-सहन महत्त्वपूर्ण है।

सही विकल्प चुनिए।

(1) दोनों A और B सही हैं।
(2) दोनों A और B गलत हैं।
(3) A सही है किन्तु B गलत है।
(4) A गलत है किन्तु B सही है।

**89.** Discussion is used by the EVS teachers in their classes because

A. discussion develops social interaction among children

B. discussion supports authentic and meaningful learning

C. meaningful construction of knowledge occurs when ideas are shared

D. discussion is suitable for the emotionally balanced children

Choose the correct option.

(1) B, C and D
(2) A, B and C
(3) A, B and D
(4) A, C and D

पर्यावरण अध्ययन के शिक्षक अपनी कक्षा में चर्चा का उपयोग करते हैं, क्योंकि

A. चर्चा, बच्चों में सामाजिक अंतःक्रिया का विकास करती है

B. चर्चा वास्तविक और सार्थकपूर्ण अधिगम में मदद करती है

C. ज्ञान का सार्थक निर्माण तब होता है, जब विचारों को साझा किया जाता है

D. चर्चा, संवेगात्मक रूप से संतुलित बच्चों के लिए उपयुक्त है

सही विकल्प चुनिए।

(1) B, C और D
(2) A, B और C
(3) A, B और D
(4) A, C और D

**90.** An environmental studies teacher asked his class III children to visit the school garden and collect different types of leaves. Which of the following process skills does the teacher want to develop among children?

(1) Observation and classification
(2) Only experimentation
(3) Only classification
(4) Creative expression and experimentation with leaves

एक पर्यावरण अध्ययन का शिक्षक अपनी कक्षा III के बच्चों को विद्यालय के बगीचे में जाने को कहता है और उनसे विभिन्न प्रकार की पत्तियों को इकट्ठा करने को कहता है। निम्नलिखित में से किस प्रक्रिया कौशल को शिक्षक बच्चों में विकसित करना चाहता है?

(1) अवलोकन और वर्गीकरण
(2) केवल प्रयोग करना
(3) केवल वर्गीकरण
(4) सृजनात्मक अभिव्यक्ति और पत्तियों के साथ प्रयोग

# PART—IV

## LANGUAGE—I : ENGLISH

| |
|---|
| ***Direction* :** Candidates should attempt questions from **Part–IV (Q. Nos. 91–120)**, if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE–I** only. |

**Read the passage given below and answer the questions (Q. Nos. 91–99) that follow :**

We sallied out at three o'clock in the afternoon, having finished our tiffin and coffee. The main job for the day was to mount and frame the photograph. Uncle carried it in his hand delicately, enclosed in an old envelope, as if it were fragile and likely to perish at a finger's pressure. As we went down the street, a neighbour standing at his door hailed us and demanded, "Where are you taking the young fellow?" He was an engineer who worked in some distant projects on the hills, coming home once in a while and then again disappearing from our society. He was a particular friend of my uncle as they occasionally gathered for a game of cards in my house. He asked, "I am here for a few days. Can't we have a session some time?"

"Of course, of course," said my uncle without much fervour, "I will let you know", and moved on.

"Won't aunt get angry?" I asked, remembering the arguments they had had after every card session. The card players would have been sitting around in the middle of the hall, demanding coffee and edibles, and playing far into the night. My aunt would complain after the company had dispersed, "Sitting there with your friends, you lock me up in the kitchen all day! What madness seizes you people when you touch a pack of cards, I wonder!" Worn out by her attacks, my uncle began to avoid his friends, the company gradually dwindled and disappeared. But it did not prevent them from dreaming about cards or luxuriating in visions of a grand session. Somewhere my uncle was supposed to have lost a lot of money through the card games, and my aunt was very definite that he should never go near cards again, although he kept saying, "We play only Twenty-eight, and not Rummy, after all, Twenty-eight...".

**91.** Who is the narrator in the story?

(1) Aunt
(2) A young boy
(3) Uncle
(4) Uncle's friend

**92.** What task was the uncle supposed to perform that day?

(1) To play cards
(2) To go round the city
(3) To frame a photograph
(4) To meet his engineer friend

**93.** Why was the aunt angry at the uncle's entertaining friends at home?

(1) Because he lost money in card games
(2) Because they created a lot of noise
(3) Because she had to serve them coffee and snacks repeatedly
(4) Both (1) and (3)

**94.** State which of the following statements is True/False.

A : The friends' sessions gradually came to an end.
B : The uncle stubbornly refused to listen to his wife.
Choose the correct option.

(1) Both A and B are true.
(2) Both A and B are false.
(3) A is true but B is false.
(4) B is true but A is false.

**95.** Which of the following statements is ***not*** true?

(1) The engineer-friend worked at a far-off place.

(2) The aunt was happy at the friends' meetings taking place at their place.

(3) My uncle was a gentle person.

(4) The photograph was kept safely in an envelope.

**96.** Identify the clause of the underlined part :

"... an engineer who worked in some distant projects ..."

(1) Noun clause (2) Adjective clause

(3) Adverb clause (4) Principal clause

**97.** Identify the type of the following sentence.

"What madness seizes you ...!"

(1) Declarative (2) Interrogative

(3) Exclamatory (4) Optative

**98.** Choose the word opposite in meaning to 'fragile'.

(1) aggressive (2) durable

(3) reckless (4) tall

**99.** What does the expression, 'We sallied out ...' mean in the context?

(1) To go out for a jaunt (2) To rush out in a hurry

(3) To walk in a lethargic manner (4) To leave in a determined manner

**Read the extract given below and answer the questions (Q. Nos. 100–105) that follow :**

You may shoot me with your words,
You may cut me with your eyes,
You may kill me with your hatefulness,
But still, like air, I'll rise.

Out of the huts of history's shame
I rise
Up from a past that's rooted in pain
I rise
I'm a black ocean, leaping and wide,
Welling and swelling I bear in the tide.

Leaving behind nights of terror and fear
I rise
Into a daybreak that is wondrously clear
I rise
Bringing the gifts that my ancestors gave,
I am the dream and the hope of the slave.
I rise
I rise
I rise.

**100.** 'The huts of history's shame' refers to

(1) a shameful event in history (2) abject poverty

(3) modest living standards (4) comfortable existence

**101.** Which of the following describes the theme of the poem correctly?
(1) Feminism (2) Relationship
(3) Oppression (4) Environment

**102.** "I am the dream and the hope of the slave" shows that the poet is a/an
(1) pessimist (2) optimist
(3) cynic (4) nihilist

**103.** "A past that's rooted in pain" refers to a past
(1) that has always been pleasurable
(2) that has been pleasurable once but is now in pain
(3) that has always been painful
(4) that has had alternate periods of pain and pleasure

**104.** The use of 'I rise' in the poem is an example of :
(1) hyperbole (2) parallelism
(3) alliteration (4) repetition

**105.** Which literary device has been used in the following line?

"But still, like air, I'll rise."

(1) Metaphor (2) Simile
(3) Oxymoron (4) Metonymy

**106.** Chomsky propounded that an innate capacity to acquire language is the result of our uniquely human biological inheritance. This inheritance is known as
(1) language adaptation degree (2) language acquire domain
(3) language acceptance desire (4) language acquisition device

**107.** The term for the smallest meaningful unit of sound in a language is
(1) semantics (2) phoneme
(3) morpheme (4) syntax

**108.** Infants around 2 to 3 months of age are capable of producing open vowel sounds. These sounds are examples of
(1) cooing (2) babbling
(3) shouting (4) one-word utterances

**109.** Ankita can understand and speak six different languages. Her language ability makes her a
(1) monolingual speaker (2) linguist
(3) multilingual speaker (4) bilingual speaker

**110.** You are interested in studying topics such as code-mixing, code-switching, children's language and secret languages. Which of the following disciplines you need to study for these?
(1) Cultural psychology (2) Anthropology
(3) Sociology (4) Sociolinguistics

**111.** Which area is ***not*** a part of contrastive analysis?
(1) Syntactic (2) Semantic
(3) Lexical (4) Phonological

**112.** You find that an English language teacher is using freely mother tongue in the class. She is using _____ method.

(1) audio-lingual (2) grammar-translation

(3) structural oral situation (4) direct

**113.** The ability to write concisely by not including any details that can be avoided to achieve precision is a skill which is known as

(1) summarizing (2) process writing

(3) note-taking (4) note-making

**114.** Voice expressions can effectively be judged by

(1) speed of voice (2) words selection

(3) tone of voice (4) vocals

**115.** Seating arrangement in a classroom should be flexible. This is because

(1) it would prevent children from forming permanent friendship groups

(2) it would help conduct many group, pair and whole-class activities very easily

(3) it would give the children freedom to move their seats wherever and whenever they want

(4) it would help the teacher ensure equality in her classroom

**116.** To assess reading skill at primary level, a language teacher should most importantly focus on

(1) identifying the letters of alphabet (2) use of punctuation mark

(3) reading with fluency (4) reading with understanding

**117.** To ensure effective communication, it is important to

(1) keep on intervening others at regular intervals

(2) keep on moving and gesturing

(3) keep on saying whatever comes to your mind

(4) listen to others first

**118.** A major objective of teaching English grammar is to

(1) increase the originality of our ideas

(2) develop the ability to express ideas logically and correctly in speech and writing

(3) increase our ability to memorize rules

(4) develop interest in studies

**119.** While developing writing skill among the students at primary level, a teacher must encourage her students to write on topics related to

(1) national theme (2) religious beliefs

(3) personal life (4) social issues

**120.** You want to identify individual differences of learners to scaffold them in your class. Which of the following assessments would you use for this purpose?

(1) Peer assessment (2) Diagnostic assessment

(3) Summative assessment (4) Formative assessment

## भाग—IV

## भाषा—I : हिन्दी

*निर्देश* : परीक्षार्थी **भाग–IV** (प्रश्न सं० **91** से **120**) के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा–I** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो।

**निर्देश :** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **91–99**) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए :

विद्यालय के लिए एक प्रचलित शब्द है 'पाठशाला' और दूसरा प्रचलित शब्द है 'विद्याशाला'। दोनों शब्दों का स्थान लगभग सभी प्रदेशों में स्कूल ने ही ले लिया है। स्कूल की अवधारणा में यह निहित था कि स्कूल का एक अहाता होता है और उसकी एक कच्ची-पक्की इमारत होती है। यह अलग बात है कि यह इमारत बालकों के निवास से बहुत दूर है कि करीब, इसकी ओर ध्यान देना सरकारी व्यवस्था में कतई जरूरी नहीं समझा गया था। मौसम चाहे कैसा भी हो बच्चे बस्ता लेकर दूर-दूर तक पैदल चलते आज भी देखे जा सकते हैं। उनके कंधों पर लटके बस्ते खुद ही बोल जाते हैं कि वे स्कूल जा रहे हैं।

स्कूलों से कॉलेज हो गए और कॉलेजों से विश्वविद्यालय हो गए और दूसरी कई बड़ी-बड़ी शिक्षण संस्थाएँ हो गयीं। यह विश्वास दिन-ब-दिन हम सबके मन में जड़ होता गया है कि शिक्षण संस्थाएँ अथवा पाठशालाएँ ही विद्या पाने के स्थान हैं। ऐसी स्थिति में हम भूल गए हैं कि शिक्षण की सबसे बड़ी संस्था 'लोकशाला' है।

हम यह बुनियादी बात भूल गए हैं कि 'लोक' शिक्षा का सबसे बड़ा साधन है। लोक में लोक के जीवनानुभव भी समाहित हैं और लोक-मेधा एवं लोक-मनीषा की सदियों पुरानी थाती भी समाहित है। लोक-शिल्प और लोक के हाथ का हुनर या कौशल भी इसमें समाहित हैं। आज भी शायद ही कोई ऐसी शाला हो, जो सुनार का काम सिखाती हो या मोची की तरह जूते बनाना सिखाती हो।

**91.** अर्थ की दृष्टि से भिन्न शब्द चुनिए।

(1) लोकशाला (2) पाठशाला

(3) विद्याशाला (4) विद्यालय

**92.** गद्यांश के अनुसार सरकारी व्यवस्था में क्या आवश्यक **नहीं** समझा गया?

(1) स्कूल की इमारत बनवाना (2) बस्ते का बोझ कम करना

(3) घर और विद्यालय की दूरी पर ध्यान देना (4) स्कूल में अहाता बनवाना

**93.** लोकशाला में समाहित **नहीं** है

(1) लोक-मेधा (2) जीवनानुभव

(3) लोकशास्त्र (4) लोक-मनीषा

**94.** गद्यांश के अनुसार शिक्षण की सबसे बड़ी संस्था है

(1) विद्यालय (2) विश्वविद्यालय

(3) कॉलेज (4) लोकशाला

**95.** लोकशाला में हम **नहीं** सीख सकते

(1) सुनार-कर्म (2) लोक-शिल्प

(3) पुस्तक वाचन (4) हाथ का हुनर

**96.** 'बहुत दूर है', वाक्य में 'दूर' है

(1) संज्ञा (2) विशेषण

(3) क्रिया (4) क्रिया-विशेषण

**97.** 'कच्ची-पक्की इमारत' में 'कच्ची-पक्की' _____ शब्द हैं।
(1) विशेषण
(2) क्रिया-विशेषण
(3) संज्ञा
(4) क्रियाकार

**98.** गद्यांश के अनुसार हम कौन-सी बुनियादी बात भूल गए हैं?
(1) पाठशाला को विद्याशाला कहा जाता है।
(2) पाठशालाएँ विद्या पाने का स्थान हैं।
(3) लोक शिक्षा का सबसे बड़ा साधन है।
(4) हमारे देश में अनेक महाविद्यालय हैं।

**99.** कौन-सा वक्तव्य सही **नहीं** है?
(1) बस्ते बोलते हैं बच्चे स्कूल जा रहे हैं।
(2) लोकशाला के लोक में लोक-मेधा शामिल है।
(3) स्कूल की अवधारणा में अहाता होता है।
(4) लोकशाला में शिक्षक पढ़ाते हैं।

**निर्देश :** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **100–105**) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए :

समुद्र उठ रहा था चाँद की ओर
मैं बिल्कुल पास ही खड़ा था
एक ऐसा अकेलापन एक तनाव
रोने की भी इच्छा हुई
लेकिन रुलाई फूटी नहीं
और किस तरह रात आ रही थी
उतनी ऊँची लहरों में
कहीं दिख नहीं रही थी
मेरी कमीज के सिवा
देर तक टिकना मुश्किल था
मुंबई के भीतर लौट।

**100.** कवि कहाँ खड़ा था?
(1) लहरों के बीच में
(2) समुद्र के किनारे
(3) समुद्र की लहरों में
(4) उठते समुद्र के पास

**101.** कवि मुंबई के भीतर क्यों लौटना चाहता है?
(1) ऊँची अशांत लहरों के कारण
(2) डरावने अँधेरे के कारण
(3) अकेलेपन और तनाव के कारण
(4) ठंड लगने के कारण

**102.** कवि के मन का भाव **नहीं** है
(1) अकेलापन
(2) रुदन इच्छा
(3) रुकना मुश्किल लगना
(4) चिंता

**103.** 'देर तक वहाँ टिकना' में 'देर तक' _____ _____ है।
(1) कालवाचक क्रिया-विशेषण
(2) स्थानवाचक क्रिया-विशेषण
(3) रीतिवाचक क्रिया-विशेषण
(4) परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण

**104.** 'रुलाई फूटना' का आशय है
(1) रोना समाप्त होना
(2) फूट-फूट कर रोना
(3) रोना आना
(4) किसी को रोने के लिए मजबूर करना

**105.** रात कहाँ दिख रही थी?
(1) समुद्र के आसपास
(2) कवि की कमीज में
(3) मुंबई में
(4) ऊँची लहरों में

**106.** चॉमस्की ने प्रतिपादित किया कि भाषा अर्जित करने की सहजात क्षमता हमारे अद्वितीय मानवीय जैविक वंशानुक्रम का परिणाम है। इस वंशानुक्रम को किस रूप में जाना जाएगा?

(1) भाषा अनुकूलन पद
(2) भाषा अर्जन क्षेत्र (डोमेन)
(3) भाषा स्वीकृति इच्छा
(4) भाषा अर्जन उपकरण

**107.** भाषा में ध्वनि की सबसे छोटी सार्थक इकाई को क्या कहा जाएगा?

(1) अर्थतत्त्व
(2) ध्वनिमूलक
(3) आकृतिमूलक
(4) वाक्यविन्यास

**108.** दो से तीन माह की आयु वाले शिशु मुक्त स्वर ध्वनियाँ बोलने लगते हैं। ये ध्वनियाँ किसका उदाहरण हैं?

(1) कूजन
(2) बबलाना
(3) चीखना-चिल्लाना
(4) एक-शब्दीय कथन

**109.** अंकिता छः विभिन्न भाषाएँ समझ और बोल सकती है। उसकी भाषिक क्षमता के कारण उसे क्या कहा जाएगा?

(1) एकल-भाषिक वक्ता
(2) भाषाविद्
(3) बहुभाषिक वक्ता
(4) द्विभाषिक वक्ता

**110.** आप कोड-मिश्रण, कोड-अंतरण, बच्चों की भाषा और गुप्त भाषाओं के अध्ययन में रुचि रखते हैं। इन विषयों के अध्ययन के लिए आपको किस मुख्य विषय का अध्ययन करना होगा?

(1) सांस्कृतिक मनोविज्ञान
(2) मानवशास्त्र
(3) समाजशास्त्र
(4) सामाजिक-भाषिक

**111.** निम्नलिखित में से कौन-सा तुलनात्मक विश्लेषण का भाग **नहीं** है?

(1) वाक्यगत
(2) अर्थगत
(3) कोश-विषयक
(4) ध्वन्यात्मक

**112.** आपने महसूस किया कि आपके विद्यालय की एक अध्यापिका कक्षा में स्वच्छन्द रूप से मातृभाषा का प्रयोग करती है। वह किस विधि का अनुपालन कर रही है?

(1) श्रव्य-भाषिक
(2) व्याकरण-अनुवाद
(3) संरचनात्मक मौखिक स्थिति
(4) प्रत्यक्ष (डायरेक्ट)

**113.** संक्षिप्त रूप से लिखने की योग्यता, जिसमें वे सब बारीक वर्णन शामिल नहीं हैं, जिनके माध्यम से सटीकता लाई जा सकती है, ऐसे कौशल को किस नाम से जाना जाएगा?

(1) सारांशीकरण
(2) प्रक्रिया-लेखन
(3) टिप्पण (नोट) लेना
(4) टिप्पणी (नोट) बनाना

**114.** वाणी की अभिव्यक्तियों का मूल्यांकन किस माध्यम से प्रभावशाली तरीके से किया जा सकता है?

(1) वाणी की गति
(2) शब्दों का चयन
(3) वाणी की शैली
(4) मुखरता (सवाक्)

**115.** कक्षा में बैठने की व्यवस्था में लचीलापन होना चाहिए, क्योंकि

(1) इससे बच्चों को स्थायी मित्र समूहों का गठन करने से बचाया जा सकता है
(2) इस तरह से कक्षा में सरलतापूर्वक समूह, जोड़ीदार व समग्र कक्षा-गतिविधियाँ करवायी जा सकती हैं
(3) इससे बच्चों को इस बात की स्वतंत्रता होगी कि वे अपनी सीट से जब भी और जहाँ भी चाहे आ-जा सकते हैं
(4) इससे अध्यापक अपनी कक्षा में समानता का भाव सुनिश्चित कर सकते हैं

**116.** प्राथमिक स्तर पर पठन-कौशल का आकलन करने के लिए भाषा अध्यापक को मुख्य रूप से किस पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए?

(1) वर्णमाला के अक्षरों की पहचान करने पर
(2) विरामचिह्नों के प्रयोग पर
(3) प्रवाह के साथ पठन पर
(4) समझ के साथ पठन पर

**117.** प्रभावशाली सम्प्रेषण सुनिश्चित करने के लिए क्या महत्त्वपूर्ण है?

(1) नियमित अंतराल पर दूसरों को हस्तक्षेप करते रहना
(2) बोलते जाना और हाव-भाव प्रदर्शित करना
(3) मस्तिष्क में जो भी आए, वह कहते जाना
(4) पहले दूसरों की बात सुनना

**118.** अंग्रेजी व्याकरण के शिक्षण का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(1) अपने विचारों की मौलिकता में वृद्धि करना
(2) वाक् और लेखन में विचारों को तार्किकता और सटीकता के साथ अभिव्यक्त कर पाने की योग्यता विकसित करना
(3) नियमों को कंठस्थ करने की योग्यता में वृद्धि करना
(4) अध्ययन में रुचि विकसित करना

**119.** प्राथमिक स्तर पर विद्यार्थियों में लेखन-कौशल विकसित करने के लिए अध्यापक को अपने विद्यार्थियों को किन टॉपिकों पर लिखने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए?

(1) राष्ट्रीय थीम
(2) धार्मिक मत
(3) व्यक्तिगत जीवन
(4) सामाजिक मुद्दे

**120.** आप अपनी कक्षा के शिक्षार्थियों को अवलम्बन देने के लिए उनकी वैयक्तिक भिन्नताओं की पहचान करना चाहते हैं। इस उद्देश्य के लिए आप क्या करना चाहेंगे?

(1) सहपाठी आकलन
(2) निदानात्मक आकलन
(3) योगात्मक आकलन
(4) रचनात्मक आकलन

# PART—V

## LANGUAGE—II : ENGLISH

***Direction :*** Candidates should attempt questions from **Part–V (Q. Nos. 121–150)**, if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE–II** only.

**Read the passage given below and answer the questions (Q. Nos. 121–128) that follow :**

The next morning, as I was about to leave the city, I saw peacocks on every tree, rock and hill. Their movements had the same peace, the same grace and the same beauty. As the evening shadows deepened, the air was filled with the song of peacocks. I thought they were there to both welcome and bid me farewell.

Whenever I recall that trip, my mind is filled with the images of those peacocks. I am surprised. Did I really see so many of them? Did the peacocks of Rajasthan actually come out to greet me? I wonder how they are now.

I try to imagine that city now, but all I can see is a picture of desolation. Shocked and disturbed, I am neither able to see the peacocks nor hear their song. Where have they all disappeared? In which corner of the world are they hiding? Suddenly, I have a vision of a lonely peacock on a distant hill. He seems battered and bruised. I walk quickly toward him but, before I can reach the hill, he rises into the sky screaming with terror and disappears.

Where has he gone? Where are his companions, those countless peacocks? Why is he sitting alone on that hill, the very picture of desolation? Why is he so despondent, so terrified? The sight of that dejected, bewildered peacock suddenly brings to mind another image of desolation that I had forgotten. On the far edge of a dark, oil-soaked sea, I see a forlorn duck covered with foul effluents, watching the waves in disbelief. Till yesterday, the sea was ambrosia, today it is poison. The wings of the duck are so heavy with slime that he can no longer fly. Poison flows through the veins in his body.

**121.** Where did the writer see the peacocks?

(1) On a mountaintop
(2) In a Rajasthan city
(3) On the slopes of the Himalayas
(4) On the edge of a dark sea

**122.** Why does the writer see 'a picture of desolation' in the Rajasthan city now?

(1) Because there is dirt and filth all around
(2) Because the ducks are no more to be seen
(3) Because the city has been uprooted
(4) Because the peacocks have disappeared

**123.** State which of the following statements is True/False :

A. The peacocks both welcomed the writer and bid him farewell.
B. The wings of the peacocks were smeared with slime.

(1) Both A and B are true
(2) Both A and B are false
(3) A is true but B is false
(4) B is true but A is false

**124.** Which one of the following is ***not*** true?

(1) The peacocks the writer saw were beautiful and graceful.

(2) The writer feels that the city is desolate now.

(3) The writer visits the city once again in a vision.

(4) The peacocks can no longer fly now.

**125.** What kind of sentence is the following?

"Where have they all disappeared?"

(1) Exclamatory (2) Interrogative

(3) Optative (4) Declarative

**126.** Identify the clause of the underlined part :

"On the far edge of a dark, oil-soaked sea, I see a forlorn duck..."

(1) Noun clause (2) Adjective clause

(3) Adverb clause (4) Principal clause

**127.** Identify the Part of Speech of the underlined word :

"... that dejected, bewildered peacock suddenly brings to mind..."

(1) Noun (2) Adjective

(3) Adverb (4) Conjunction

**128.** Choose the word nearest in meaning to 'desolation'.

(1) Despair (2) Pessimism

(3) Fertility (4) Barrenness

**Read the passage given below and answer the questions (Q. Nos. 129–135) that follow :**

What was this new state like? Fortunately, we have full accounts, both Indian and Greek. Megasthenes, the ambassador sent by Seleucus, has left a record and, much more important is that contemporary account—Kautilya's *Arthashastra*, 'the Science of Polity'. Kautilya is another name for Chanakya, and thus we have a book written, not only by a great scholar, but a man who played a dominating part in the establishment, growth and preservation of the empire. Chanakya has been called the Indian Machiavelli, and to some extent the comparison is justified. But he was a much bigger person in every way, greater in intellect and action. He was no mere follower of a king, a humble advisor of an all-powerful emperor. A picture of him emerges from an old Indian play—the *Mudra-Rakshasa*—which deals with this period. Bold and scheming, proud and revengeful, never forgetting a slight, never forgetting his purpose, availing himself of every device to delude and defeat the enemy, he sat with the reins of empire in his hands and looked upon the emperor more as a loved pupil than as a master. Simple and austere in his life, uninterested in the pomp and pageantry of high position, when he had redeemed his pledge and accomplished his purpose, he wanted to retire, to a life of contemplation.

There was hardly anything Chanakya would have refrained from doing to achieve his purpose; he was unscrupulous enough; yet he was also wise enough to know that this very purpose might be defeated by means unsuited to the end. Long before Clausewitz, he is reported to have said that war is only a continuance of state policy by other means. But, he adds, war must always serve the

larger ends of policy and not become an end in itself; the statesman's objective must always be the betterment of the state as a result of war, not the mere defeat and destruction of the enemy. If war involves both parties in a common ruin, that is bankruptcy of statesmanship. War must be conducted by armed forces, but much more important than the force of arms is the high strategy which saps the enemy's morale and disrupts his forces and brings about his collapse, or takes him to the verge of collapse, before armed attack.

**129.** Whose account is called 'much more important' as a record of the Mauryan rule?

(1) Megasthenes' (2) Kautilya's

(3) Machiavelli's (4) The contemporary historians'

**130.** How did the play, the *Mudra-Rakshasa* depict Chanakya?

(1) As honest and pious (2) As meek and cowardly

(3) As bold and scheming (4) As pompous and arrogant

**131.** State which of the following statements is True/False :

A. For practical purposes, Chanakya kept the reins of power with himself.

B. Chanakya enjoyed the power and prestige of the high authority he wielded.

(1) Both A and B are true (2) Both A and B are false

(3) A is true but B is false (4) B is true but A is false

**132.** Which one of the following is ***not*** true?

(1) Chanakya is also known as Kautilya.

(2) Chanakya defined war as a continuation of state policy.

(3) Chanakya considered strategic manoeuvres as more important than actual war.

(4) Chanakya supported war even if it destroyed both the parties.

**133.** What does the given verb mean?

'to delude'

(1) to divest (2) to mislead

(3) to swindle (4) to rob

**134.** Identify the tense of the given expression :

"... had redeemed his pledge"

(1) Simple Present (2) Simple Past

(3) Present Perfect (4) Past Perfect

**135.** Find the word opposite in meaning to the underlined word :

"... never forgetting a slight,"

(1) praise (2) humiliation

(3) compliment (4) reward

**136.** _____ gave the terms acquisition, observation, natural, input, dominant hypothesis in the theory of Second Language learning.

(1) Vygotsky (2) Steven Pinker

(3) Chomsky (4) Stephen Krashen

**137.** Which among the following involves the principle of grading and sequence?

(1) Controlled vocabulary (2) Gradation

(3) Habit formation (4) Following the natural way

**138.** You observe that your students need to be exposed to samples of the target language and be encouraged to imitate and respond. Which of the following methods is most suitable for this purpose?

(1) Direct method (2) Communicative language teaching

(3) Audio-lingual method (4) Grammar-translation method

**139.** Learning of the mother tongue by a child is generally assumed to be :

(1) Language acquisition (2) Language learning

(3) Language assimilation (4) Abstract language development

**140.** An active listener immediately understands

(1) logic behind what the speaker is saying

(2) what the speaker is trying to say

(3) what the other person is saying

(4) what the speaker wants to say

**141.** To teach poetry in the class, the teacher first reads a poem, then involves the learners in group work. One group writes the theme of the poem, another draws a picture to depict the main character and yet another writes the summary of the poem. This activity aims at :

(1) Distracting the learners

(2) Involving all students in the classroom

(3) Catering to diverse abilities and interests of the learners

(4) Preparing learners for assessment

**142.** The Second Language classroom is usually a confluence of varied languages. The role of teachers in such a class is to give their students :

(1) Worksheets with a variety of tasks while covering the syllabus

(2) A comfortable environment to develop requisite skills

(3) Summaries and simplified versions of text

(4) Adequate self-explanatory notes

**143.** You prepare a test item that expects the learners to use tense forms, connectors, prepositions, and adjectives accurately. The approach that you have used in this test item is :

(1) Direct grammar testing
(2) Indirect grammar testing
(3) Mixed grammar task
(4) Integrated grammar testing

**144.** Children in their early years scribble on the wall, floor and in notebooks. This stage in language learning is called

(1) scribbling
(2) emergent literacy
(3) writing skills
(4) graphic development

**145.** Communicative language teaching stresses the interdependence of :

(1) Language and communication
(2) Language and conversation
(3) Language and behaviour
(4) Language and psychology

**146.** You have to keep anecdotal records of the learning process of the students of your class. For this, you need to use :

(1) Assignment technique
(2) Project technique
(3) Oral technique
(4) Observation technique

**147.** Which of the following statements is true in the context of grammar?

(1) Knowledge of grammar helps acquire fluency in speech.
(2) Grammar provides a set of rules that should be memorized before being followed.
(3) Grammar is a system of language which helps in polishing our speaking and writing skills.
(4) Grammar has no role in the learning of a foreign language.

**148.** When infants and very young children live in environments where they have no exposure or experience with language, their language development is severely impaired. This impairment is irreversible. Which of the following terms supports this explanation?

(1) Nativism
(2) Sensitive periods of development
(3) Sociolinguistics
(4) Semantics

**149.** Grammar should be taught by :

(1) Enabling practice in context
(2) Making learners do written assignments
(3) Encouraging students to memorize rules
(4) Giving adequate assignments to learners

**150.** You want to create a language-rich environment in your class. For this, you should :

(1) Encourage your learners to use only English while communicating in the class
(2) Establish a language lab in your class
(3) Motivate parents to buy language games and activities
(4) Provide an opportunity where the language is seen, noticed and used by the learners

## भाग—V

## भाषा—II : हिन्दी

*निर्देश* : परीक्षार्थी **भाग–V** (प्रश्न सं० **121** से **150**) के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा–II** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो।

**निर्देश :** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **121–128**) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए :

चिंपैंजी की बुद्धिशक्ति पर वैज्ञानिकों को भी कभी संदेह नहीं रहा। जिन लोगों ने घर पर चिंपैंजी पाले हैं, उन्होंने देखा है कि जन्म के बाद दो-एक वर्षों में चिंपैंजी के बच्चे मानव-शिशुओं से अधिक तेजी से नयी बातें सीख जाते हैं। हाँ, जब मानव-शिशु बोलना सीख जाता है, वह चिंपैंजी से तेजी से आगे निकलने लगता है।

सूँस और चिंपैंजी की बुद्धिशक्ति की तुलना करना अति कठिन है, क्योंकि इस तरह के दो अत्यंत भिन्न जीवों पर तुलनात्मक प्रयोग कर पाना लगभग असम्भव होता है। इसी तरह की कठिनाइयाँ इसी तरह के अन्य प्रयोगों में भी आती हैं। उदाहरण के लिए, भूल-भुलैया में सही मार्ग खोज निकालना तथा मेज पर रखी तीन वस्तुओं में अटपटी वस्तु को चुन निकालना एक-सी बुद्धिशक्ति के प्रमाण हैं।

एक बात से प्रायः सभी विज्ञानी सहमत हैं कि पशुओं में स्तनपायियों का बुद्धिमत्ता पर लगभग एकाधिकार है। औजारों का प्रयोग करना भी बुद्धिमानी का एक चिह्न है। गालापगोस द्वीप का कठफोड़वा कैक्टस की डंडी से वृक्षों की दरार अथवा छिद्र से कीड़े-मकोड़े निकालकर खाता है। कुछ लोग कौए और उसके भाईबंदों को भी बहुत नम्बर देते हैं। शिकारी की बंदूक की पहुँच से दूर रहने की कला कौआ बखूबी जानता है। और कुछ वैज्ञानिकों का यह खयाल है कि काग और तोते में मनुष्य की बोली के चंद शब्द सीखने की जो क्षमता है, वह केवल आनुवंशिक क्षमता नहीं, बल्कि बुद्धिशक्ति का प्रमाण है। कुछ लोग हाथी को सबसे बुद्धिमान जीव मानते हैं।

**121.** हाथी के पर्याय हैं

(1) वनराज, हस्ती, कुंज

(2) हस्ति, गज, वनराज

(3) गज, हस्ती, कुंज

(4) कुंजरू, हस्ती, गज

**122.** 'अत्यंत' का संधि-विच्छेद है

(1) अत् + यंत

(2) अति + अंत

(3) अती + अंत

(4) अत् + अंत

**123.** प्राणियों, प्राणी संज्ञा का ______ रूप है।

(1) स्त्रीलिंग बहुवचन तिर्यक

(2) पुल्लिंग बहुवचन तिर्यक

(3) पुल्लिंग बहुवचन सामान्य

(4) स्त्रीलिंग बहुवचन सामान्य

**124.** गद्यांश के अनुसार कौन-सा कथन सही है?

(1) चिंपैंजी की बुद्धिशक्ति संदेह के घेरे में रही है।

(2) प्राणियों में स्तनपायी पशुओं का बुद्धिमत्ता पर एकाधिकार है।

(3) दो तरह के प्राणियों पर तुलनात्मक प्रयोग करना आसान है।

(4) औजारों का प्रयोग करना मूर्खता की निशानी है।

**125.** गद्यांश के अनुसार बुद्धिमत्ता का प्रमाण नहीं है

(1) भूल-भुलैया में सही मार्ग खोजना

(2) भिन्न वस्तु की पहचान करना

(3) तोते द्वारा भाषा के कुछ शब्द सीखना

(4) किसी धुन अथवा ताल पर नृत्य करना

**126.** गद्यांश में वर्णित बुद्धिमान प्राणियों का समूह नहीं है

(1) चिंपैंजी, सूँस, हाथी

(2) सूँस, तोता, कौआ

(3) सूँस, हाथी, बंदर

(4) चिंपैंजी, तोता, काग

**127.** कौए और तोते का भाषा सीख लेना उनकी

(1) आनुवंशिक क्षमता है
(2) बौद्धिक शक्ति का प्रमाण है
(3) नकलकर सीखने का प्रमाण है
(4) सहज वृत्ति है

**128.** मानव शिशु बुद्धिमत्ता में चिंपैंजी के शिशु से कब आगे निकलता है?

(1) जब वह पैदा होता है
(2) जब वह लिखना सीख लेता है
(3) जब वह बोलना सीख लेता है
(4) जब वह पैदल चलने लगता है

**निर्देश :** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **129–135**) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए :

आज पूरी दुनिया, नयी, पुरानी, पढ़ी-लिखी, अनपढ़ दुनिया भी इन्हीं प्लास्टिक की थैलियों को लेकर एक अंतहीन यात्रा पर निकल पड़ी है। छोटे-बड़े बाज़ार, देशी-विदेशी दुकानें हमारे हाथों में प्लास्टिक की थैली थमा देती हैं। हम इन थैलियों को लेकर घर आते हैं। कुछ घरों में ये आते ही कचरे में फेंक दी जाती हैं तो कुछ साधारण घरों में कुछ दिन लपेट कर सम्भाल कर रख दी जाती हैं, फिर किसी और दिन कचरे में डालने के लिए। इस तरह आज नहीं तो कल कचरे में फेंक दी गयी इन थैलियों को फिर हवा ले उड़ती है, एक और अंतहीन यात्रा पर। फिर यह हल्का कचरा ज़मीन पर उड़ते हुए, नदी-नालों में पहुँच कर बहने लगता है। और फिर वहाँ से बहते-बहते समुद्र में। यहाँ भी एक और अंतहीन यात्रा शुरू हो जाती है।

खोज करने वालों ने इस प्लास्टिक की समुद्री यात्रा को भी समझने की कोशिश की है। उन्हें यह जानकर अचरज हुआ कि हमारे घरों से निकला यह प्लास्टिक का कचरा अब समुद्रों में भी खूब बड़े-बड़े ढेर की तरह तैर रहा है न वह ज़मीन पर गलता है, सड़ता है, न समुद्र में ही। यह प्लास्टिक तो आत्मा की तरह अजर-अमर है।

प्लास्टिक के फैलते, पसरते व्यवहार को कई देशों ने, कई समाजों ने अपनी-अपनी तरह से रोकने के कई प्रयत्न किए हैं। कुछ देशों ने इस पर प्लास्टिक टैक्स लगा कर देखा है। ऐसा टैक्स लगते ही खपत में एकदम गिरावट भी देखी गयी है। कहीं-कहीं इन पर सीधे प्रतिबंध भी लगाया गया है। इसके बदले फिर अखबार, कागज़, कपड़े की थैलियाँ, लिफाफे भी चलन में आये हैं।

दुकानों से घर तक चीज़ें लाने का माध्यम इतनी कम उमर का क्यों हो, वह चिरंजीव क्यों न बने—प्लास्टिक के कारण अब ऐसे सवाल भी हमारे मन में नहीं उठ पाते।

**129.** प्लास्टिक की थैलियों की यात्रा को अंतहीन क्यों कहा गया है?

(1) हम थैलियों को सँभालकर रखते हैं
(2) हम थैलियाँ घर लेकर आते हैं
(3) कचरे में फेंकी थैलियों को हवा उड़ाकर ले जाती है
(4) हम कचरे में थैलियाँ फेंक देते हैं

**130.** प्लास्टिक की समुद्री यात्रा देखकर आश्चर्य क्यों हुआ?

(1) समुद्र में प्लास्टिक सड़ गया था
(2) प्लास्टिक अजर-अमर है
(3) समुद्र में चारों ओर प्लास्टिक की थैलियाँ थीं
(4) घरों का प्लास्टिक कचरा समुद्र में तैर रहा था

**131.** प्लास्टिक के अजर-अमर होने का सही आशय है

(1) यह नदी-नालों से बहकर समुद्र में पहुँचता है
(2) यह जमीन पर या पानी में गलता व सड़ता नहीं है
(3) यह समुद्र में तैरता है
(4) यह हवा में उड़ता है

**132.** घर तक चीजें लाने का माध्यम _____ होना चाहिए।

(1) चिरंजीव
(2) अल्पायु
(3) अजर-अमर
(4) प्लास्टिक का

**133.** प्लास्टिक का उपयोग कम करने का उपाय नहीं है

(1) टैक्स लगाना

(2) प्रतिबंध लगाना

(3) प्लास्टिक की थैली का बार-बार प्रयोग करना

(4) कपड़े के थैले का प्रयोग करना

**134.** भिन्न शब्द पहचानिए।

(1) समाजों

(2) थैलियों

(3) आँकड़ों

(4) पहाड़ों

**135.** गिरावट एक ______ संज्ञा है।

(1) गणनीय

(2) व्यक्तिवाचक

(3) भाववाचक

(4) जातिवाचक

**136.** द्वितीय भाषा-अधिगम के सिद्धांत में अर्जन, अवलोकन, स्वाभाविक, निवेश-प्रधान परिकल्पना जैसी शब्दावली किसने दी है?

(1) वायगोत्स्की

(2) स्टीवन पिंकर

(3) चॉमस्की

(4) स्टीफ़न क्रेशन

**137.** निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धांत ग्रेडिंग और क्रम में अंतर्निहित है?

(1) नियंत्रित शब्दावली

(2) श्रेणीकरण

(3) आदत निर्माण

(4) स्वाभाविक मार्ग का अनुपालन

**138.** आपके संज्ञान में यह बात आयी कि आपके विद्यार्थियों को लक्ष्य भाषा के कुछ उदाहरण प्रस्तुत किए जाने चाहिए और उन्हें अनुकरण करने व प्रतिक्रिया देने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इस उद्देश्य के लिए सर्वाधिक उपयुक्त गतिविधि कौन-सी है?

(1) प्रत्यक्ष (डायरेक्ट) विधि

(2) सम्प्रेषणात्मक भाषा-शिक्षण

(3) श्रव्य-भाषिक विधि

(4) व्याकरण-अनुवाद विधि

**139.** बच्चों में मातृभाषा के विकास को सामान्यतः किस रूप में देखा जाता है?

(1) भाषा अर्जन

(2) भाषा अधिगम

(3) भाषा आत्मसातीकरण

(4) अमूर्त भाषा विकास

**140.** एक सक्रिय श्रोता तुरंत किस बारे में समझ बना लेता है?

(1) वक्ता के कथन में निहित तर्क

(2) वक्ता क्या कहने का प्रयास कर रहा है

(3) दूसरा व्यक्ति क्या कह रहा है

(4) वक्ता क्या कहना चाहता है

**141.** कक्षा में काव्य पढ़ाने के लिए, अध्यापक ने सबसे पहले कविता पाठ किया, तत्पश्चात् शिक्षार्थियों को समूह-कार्य में शामिल किया। एक समूह ने कविता की थीम लिखी, दूसरे समूह ने मुख्य पात्र को वर्णित करने के लिए चित्र बनाया और तीसरे समूह ने सारांश लिखा। इस गतिविधि का क्या उद्देश्य है?

(1) शिक्षार्थियों का ध्यान भंग करना

(2) कक्षा में सभी विद्यार्थियों को शामिल करना

(3) शिक्षार्थियों की विविध योग्यताओं और रुचियों को पोषित करना

(4) शिक्षार्थियों को आकलन के लिए तैयार करना

**142.** ऐसी कक्षा जिसमें द्वितीय भाषा का पठन होता है, एक प्रकार से बहुविध भाषाओं का जमावड़ा (सम्मिलन) है। इस प्रकार की कक्षा में अध्यापक की भूमिका क्या होगी?

(1) पाठ्यक्रम पूरा करने के लिए विद्यार्थियों को विविध प्रकार के कार्यों वाली वर्कशीट (कार्यपत्रक) देना

(2) अपेक्षित कौशलों के विकास के लिए विद्यार्थियों को सुविधाजनक परिवेश देना

(3) विद्यार्थियों को पाठ्यसामग्री का सारांश और सरलीकृत रूप देना

(4) विद्यार्थियों को स्व-व्याख्यायित (टिप्पणियाँ) देना

**143.** आपने एक ऐसा परीक्षा-पत्र बनाया है जिसके द्वारा आप अपेक्षा करते हैं कि शिक्षार्थी काल-रूप, योजक, कारक और विशेषणों का सही प्रयोग बता पाएँ। आपने इस परीक्षा-पत्र में किस उपागम का प्रयोग किया है?

(1) प्रत्यक्ष व्याकरण परीक्षण

(2) अप्रत्यक्ष व्याकरण परीक्षण

(3) मिश्रित व्याकरण कार्य

(4) समेकित व्याकरण परीक्षण

**144.** बच्चे अपनी शुरुआती अवस्था में दीवार, फर्श और कॉपियों में आड़ी-तिरछी रेखाएँ बनाते हैं। भाषा अधिगम में इस चरण को क्या कहते हैं?

(1) कीरमकाँटे (स्क्रिबलिंग)

(2) उद्‌गामी साक्षरता

(3) लेखन-कौशल

(4) लेखाचित्र विकास

**145.** सम्प्रेषणात्मक भाषा-शिक्षण किसकी पारस्परिक निर्भरता पर बल देता है?

(1) भाषा और सम्प्रेषण

(2) भाषा और संवाद

(3) भाषा और व्यवहार

(4) भाषा और मनोविज्ञान

**146.** आप अपनी कक्षा के विद्यार्थियों की अधिगम-प्रक्रिया के उपाख्यानात्मक अभिलेख रखना चाहते हैं। इस उद्देश्य हेतु आपको किसका प्रयोग करना चाहिए?

(1) प्रदत्तकार्य तकनीक

(2) परियोजना तकनीक

(3) मौखिक तकनीक

(4) अवलोकन तकनीक

**147.** व्याकरण के संदर्भ में कौन-सा कथन सही है?

(1) व्याकरण का ज्ञान वाक् में प्रवाह लाने में मदद करता है।

(2) व्याकरण नियमों का समूह प्रस्तुत करता है जिन्हें व्यवहार में लाने से पहले कंठस्थ करना चाहिए।

(3) व्याकरण भाषाओं की व्यवस्था है जो हमारे वाचन और लेखन कौशलों को परिष्कृत करती है।

(4) विदेशी भाषा के अधिगम में व्याकरण की कोई भूमिका नहीं है।

**148.** ऐसे शिशु और छोटी आयु के बच्चे जिनके परिवेश में आपस में संवाद करने यानी कि भाषा-संबंधी अनुभव के अवसर नहीं होते, उनका भाषायी विकास गंभीर रूप से बाधित होता है। ये बाधाएँ (कमी) अनुत्क्रमणीय हैं (जिन्हें पलटा न जा सके)। निम्नलिखित में से कौन-सी शब्दावली इस व्याख्या को समर्थित करती है?

(1) सहजवाद (नेटीविज़्म)

(2) विकास की संवेदनशील अवस्था

(3) सामाजिक भाषिक

(4) अर्थतत्त्व (सीमेंटिक्स)

**149.** व्याकरण-शिक्षण किस प्रकार होना चाहिए?

(1) संदर्भ में अभ्यास करने के अवसर देकर

(2) शिक्षार्थियों को लिखित प्रदत्तकार्य करवाकर

(3) विद्यार्थियों को नियमों को कंठस्थ करने के लिए प्रोत्साहित करके

(4) शिक्षार्थियों को पर्याप्त प्रदत्तकार्य देकर

**150.** आप अपनी कक्षा में भाषा-समृद्ध परिवेश सृजित करना चाहते हैं। इसके लिए आप क्या करेंगे?

(1) शिक्षार्थियों को कक्षा में सम्प्रेषण के समय केवल अंग्रेजी का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए

(2) अपनी कक्षा में भाषा प्रयोगशाला की स्थापना करनी चाहिए

(3) अभिभावकों को भाषा-खेल व गतिविधियाँ खरीदने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए

(4) ऐसे अवसर सृजित करने चाहिए जहाँ भाषा दिखाई दे, संज्ञान में आए और शिक्षार्थियों द्वारा प्रयोग की जाए

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए स्थान**

★ ★ ★

**READ THE FOLLOWING INSTRUCTIONS CAREFULLY**

1. The manner in which the different questions are to be answered has been explained in the Test Booklet which you should read carefully before actually answering the questions.
2. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with **Blue/Black Ballpoint Pen** on **Side-2** of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
3. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.
4. Handle the Test Booklet and Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
5. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet/Answer Sheet in the Attendance Sheet.
6. A machine will read the coded information in the OMR Answer Sheet. Hence, no information should be left incomplete and it should not be different from the information given in the Admit Card.
7. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the Examination Hall/Room.
8. Mobile phones, wireless communication devices (even in switched off mode) and the other banned items should not be brought in the Examination Hall/Room. Failing to comply with this instruction, it will be considered as using unfair means in the examination and action will be taken against the candidate including cancellation of examination.
9. Each candidate must show on demand his/her Admit Card to the Invigilator.
10. No candidate, without special permission of the Centre Superintendent or Invigilator, should leave his/her seat.
11. The candidates should not leave the Examination Hall/Room without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where a candidate has not signed the Attendance Sheet second time will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. **The candidates are also required to put their left hand THUMB impression in the space provided in the Attendance Sheet.**
12. Use of Electronic/Manual Calculator is prohibited.
13. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Examining Body with regard to their conduct in the Examination Hall/Room. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Examining Body.
14. No part of the Test Booklet and Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
15. **On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator in the Hall/Room. *The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***

**निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें**

1. जिस प्रकार से विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए जाने हैं उसका वर्णन परीक्षा पुस्तिका में किया गया है, जिसे आप प्रश्नों का उत्तर देने से पहले ध्यान से पढ़ लें।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर-पत्र के **पृष्ठ-2** पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह **नीले/काले बॉलपॉइंट पेन** से भरें। एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है।
3. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर-पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ। परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर-पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें।
4. परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर-पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर-पत्र के कोड या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं कराई जाएगी।
5. परीक्षा पुस्तिका/उत्तर-पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका कोड व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से उपस्थिति-पत्र में लिखें।
6. OMR उत्तर-पत्र में कोडित जानकारी को एक मशीन पढ़ेगी। इसलिए कोई भी सूचना अधूरी न छोड़ें और यह प्रवेश-पत्र में दी गई सूचना से भिन्न नहीं होनी चाहिए।
7. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश-पत्र के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य-सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, कागज की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है।
8. मोबाइल फोन, बेतार संचार युक्तियाँ (स्विच ऑफ अवस्था में भी) और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएँ परीक्षा हॉल/कक्ष में नहीं लाई जानी चाहिए। इस सूचना का पालन न होने पर इसे परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग माना जाएगा और परीक्षार्थी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, परीक्षा रद्द करने सहित।
9. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-पत्र दिखाएँ।
10. केन्द्र अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें।
11. कार्यरत निरीक्षक को अपना उत्तर-पत्र दिए बिना एवं उपस्थिति-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल/कक्ष नहीं छोड़ेंगे। यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार उपस्थिति-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए, तो यह माना जाएगा कि उसने उत्तर-पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा। **परीक्षार्थी अपने बाएँ हाथ के अँगूठे का निशान उपस्थिति-पत्र में दिए गए स्थान पर अवश्य लगाएँ।**
12. इलेक्ट्रॉनिक/हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है।
13. परीक्षा हॉल/कक्ष में आचरण के लिए परीक्षार्थी परीक्षण संस्था के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं। अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला परीक्षण संस्था के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा।
14. किसी भी परिस्थिति में परीक्षा पुस्तिका और उत्तर-पत्र का कोई भाग अलग न करें।
15. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी हॉल/कक्ष छोड़ने से पूर्व उत्तर-पत्र निरीक्षक को अवश्य सौंप दें। *परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं।***